26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 23 जनवरी, 2026

अंक- 91 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12

# यूपी में आज शाम को बजेगा सायरन, बुझ जाएंगी बत्तियां

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )** । उत्तर प्रदेश सरकार आज शाम 6 बजे पूरे राज्य में ब्लैकआउट की मॉक ड्रिल आयोजित कर रही है। इस दौरान सायरन बजते ही लोगों को अपने घरों और प्रतिष्ठानों की लाइटें बंद करनी होंगी। यह अभ्यास हवाई हमलों जैसी आपातकालीन स्थितियों से निपटने और दुश्मन से लोकेशन छिपाने की तैयारी के लिए किया जा रहा है। इसमें सिविल डिफेंस, एनडीआरएफ, होमगार्ड, फायर ब्रिगेड और स्वास्थ्य विभाग जैसी एजेंसियां आपसी समन्वय के साथ हिस्सा



लेंगी। प्रशासन ने विभिन्न जनपदों में स्थान चिन्हित कर लिए हैं ताकि आम जनता को इस सुरक्षा प्रक्रिया के प्रति जागरूक किया जा सके। ब्लैकआउट का मुख्य उद्देश्य युद्ध के समय हवाई हमलों से सुरक्षा सुनिश्चित करना है। शाम के समय लाइटें बंद करने से दुश्मन को सटीक लोकेशन का पता नहीं चल पाता। इस मॉक ड्रिल के जरिए एनसीसी, स्काउट गाइड और सुरक्षा एजेंसियां अपनी तैयारियों की जांच करेंगी। इससे जनता को यह संदेश देना है कि अगर भविष्य में ऐसी कोई आपात स्थिति आती है, तो उन्हें घबराने के बजाय किस तरह अनुशासित रहकर अपनी और देश की सुरक्षा करनी है। ब्लैकआउट के दौरान कुछ कड़े नियमों का पालन अनिवार्य है। लोगों को अपने घरों के अंदर रहना चाहिए और सभी लाइटें बंद रखनी चाहिए।

## जमीनी विवाद में युवक ने जहर खाया, मौत

बिजनौर ( चिंगारी )। शिवालाकलां क्षेत्र के ग्राम यूसुफा में भूमि विवाद को लेकर एक युवक ने जहर खाकर जान दे दी। ग्राम निवासी दुष्यंत का अपने छोटे भाई विष्णु से कृषि भूमि को लेकर विवाद चल रहा था। दो दिन पूर्व इसी विवाद को लेकर दोनों भाइयों के बीच कहासुनी हो गई थी। पुलिस दोनों को थाने ले गई थी। गांव के कुछ संभ्रांत लोग दोनों भाइयों को थाने से ले आये थे। गुरुवार को गांव में दोनों भाइयों के बीच समझौते को लेकर पंचायत चल रही थी। इसी दौरान दुष्यंत अचानक वहां से चला गया। उसके काफी देर तक न लौटने पर परिजन व ग्रामीण उसे तलाशने निकले। गांव के बाहर वह गंभीर हालत में पड़ा मिला। उसने जहर खा लिया था। उसे तुरंत रतनगढ़ के एक निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया, जहां से उसे मुरादाबाद के लिये रैफर कर दिया गया। वहां उपचार के दौरान दुष्यंत की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस गांव पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए कब्जे में लेने का प्रयास किया, लेकिन परिजनों ने किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से इंकार कर दिया। परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया है। सीओ चांदपुर देशदीपक सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों भाइयों के बीच भूमि विवाद था, लेकिन मृतक के परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है।

## शंकराचार्य जी का अपमान करने वालों की होगी जांच- मौर्य

उत्तर प्रदेश में प्रयागराज माघ मेले में मौनी अमावस्या के अवसर पर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और मेला प्रशासन के बीच स्नान को लेकर उपजा विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। यह टकराव अब केवल प्रशासन तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि साधु-संतों, राजनीतिक गलियारों और सरकार के उच्च स्तर तक चर्चा का विषय बन गया है। अब अविमुक्तेश्वरानंद शंकराचार्य हैं या नहीं, इसको लेकर जारी विवाद के बीच यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने उन्हें पूज्य शंकराचार्य जी कहकर संबोधित किया। इससे पहले सीएम योगी ने बिना नाम लिए कालनेमि तक कह दिया था। इससे पहले प्रयागराज प्रशासन ने शंकराचार्य को कई नोटिस जारी किए थे।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दो घायल

**मंडावर ( चिंगारी )**। बृहस्पतिवार की रात को करीब 9 बजे मंडावर क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर के पास हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्राम हुसैनपुर निवासी तीन व्यक्ति बाइक से बालावाली की ओर से अपने घर की तरफ आ रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में अनमोल पुत्र रामगोपाल की मौके पर ही मौत हो गई। उनके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों और पुलिस की मदद से घायलों को तत्काल एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

## न्यायिक अधिकारियों को मिला प्रमोशन

**बिजनौर ( चिंगारी )**। उच्च न्यायालय प्रयागराज के निर्देशानुसार अपर सिविल जज जूनियर डिविजन ईशा त्रिपाठी व उनके पति अपर सिविल जज जूनियर डिविजन नगीना प्रतीक त्रिपाठी को प्रमोशन के बाद झांसी भेजा गया है।

अपर सिविल जज ईशा त्रिपाठी को प्रमोशन देकर सिविल जज सीनियर डिविजन (फास्ट ट्रैक कोर्ट) झांसी और प्रतीक त्रिपाठी को प्रमोशन देकर स्थायी जज विधिक सेवा प्राधिकरण झांसी बनाया गया है। स्थायी जज विधिक सेवा प्राधिकरण श्रेय शुक्ला को फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश कोर्ट नंबर दो बनाया गया, इसी न्यायालय में तैनात कु. अलका चौधरी को प्रथम फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश,जबकि इसी न्यायालय में तैनात अशोक भारतेंदु को अपर जिला जज, श्रीमती विजय लक्ष्मी यादव सिविल जज जूनियर डिविजन को सिविल जज सीनियर डिविजन फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाया गया है। सिविल जज सीनियर डिविजन/अपर सी जे एम, अपर सिविल जज सीनियर डिविजन कोर्ट नंबर तीन स्वाति चंद्रा को स्थाई जज विधिक सेवा प्राधिकरण बिजनौर बनाया गया है।

Ather स्पेशल ऑफर Ather

पुरानी टू व्हीलर को अलविदा कहो
नई Ather के साथ आगे बढ़ो

स्पेशल ऑफर
महालोन एंड एक्सचेंज मेला

आवश्यकता है - अनुभवी शोरूम मैनेजर व सेल्स एग्जीक्यूटिव की।



Sunday 25 Jan: 2026

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911


गीजर ही गीजर





सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।



खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476

# मज़ाक़ उड़ाने से क्षुब्ध होकर नशेड़ी युवकों ने की थी अरमान की हत्या



**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। कस्बा जलालाबाद के किशोर अरमान की हत्या कस्बे के ही दो नशेड़ी युवकों ने मजाक उड़ाने से क्षुब्ध होकर की थी। पुलिस ने इस हत्याकांड का खुलासा करते हुए एक आरोपी को आला कत्ल के साथ गिरफ्तार कर हत्या का खुलासा कर दिया है। जबकि दूसरे आरोपी की पुलिस अभी तलाश कर रही है। 20 जनवरी की रात जलालाबाद में मौहल्ला शेख सराय निवासी 16 वर्षीय किशोर अरमान पुत्र स्व. महबूब लहूलुहान अवस्था में पंचायतघर के समीप पड़ा मिला था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। 21 जनवरी 2026 को वादी शहबाज पुत्र स्व. महबूब ने थाना पुलिस को तहरीर दी थी कि अभियुक्तगणों शमशाद पुत्र अनवार व गफ्फार पुत्र अब्दुल जब्बार निवासीगण आसरा आवास कालोनी जलालाबाद द्वारा उसके छोटे भाई अरमान के साथ पुरानी रंजिश के चलते मारपीट कर उसकी हत्या कर दी गई है। पुलिस ने इस घटना का खुलासा करते हुए बताया कि 22 जनवरी को मुखबिर की खास सूचना उक्त घटना से संबंधित अभियुक्त शमशाद पुत्र अनवार निवासी मौहल्ला कुरैशियान हाल निवासी आसरा आवास कॉलोनी जलालाबाद को गिरफ्तार किया गया। जिसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आला कत्ल लकड़ी का डंडा बरामद किया गया। अभियुक्त शमशाद से पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह मजदूरी करता है तथा अपने मित्र गफ्फार निवासी मौहल्ला महलसराय हाल निवासी आसरा आवास कॉलोनी जलालाबाद के साथ बैठकर नशा करता था। उनके मौहल्ले का रहने वाला अरमान पुत्र स्व. महबूब उक्सर उनके पास आता था तथा बदतमीजी करते हुए उनका मजाक उड़ाता था। इसी से क्षुब्ध होकर 20 जनवरी की शाम शमशाद अपने मित्र गफ्फार के साथ अरमान को उसके घर से सहकारी समिति के पास लेकर गए, जहां अरमान ने गफ्फार की टोपी को लेकर मजाक करना शुरू कर दिया। मना करने के बावजूद जब वह नहीं माना, तो अभियुक्तगण को गुस्सा आ गया, गुस्से में अभियुक्त शमशाद ने पास में स्थित अहाते से लकड़ी का डंडा उठाया तथा गफ्फार ने लकड़ी का टुकड़ा लेकर अरमान के सिर व मुंह पर जान से मारने की नीयत से कई वार किए, जिससे अरमान नीचे गिर पड़ा। अरमान को मरा समझकर दोनों अभियुक्त मौके से फरार हो गए। खुलासा करने वाली टीम में थाना प्रभारी राहुल सिंह, सर्विलांस प्रभारी सुनील कुमार, एसआई विनोद पांडे, पुष्पेंद्र राठी, एसआई सौरभ सिंह, हेड कांस्टेबल सौरभ सिंह, राजीव खोखर, कांस्टेबल प्रदीप, नितिन, राजीव राठी, समोद शामिल रहे।

## बच्चों पर चढ़ा बसंती रंग, बनाई रंग-बिरंगी पतंग

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। मूलचंद एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल नजीबाबाद में बसंत पंचमी के अवसर पर प्रतियोगिता कराई गई, जिसका शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक अनिल चौहान एडवोकेट, प्रधानाचार्या श्रीमती ममता सिंह चौहान एवं उपप्रधानाचार्य डीएस एस राठौर ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा रंग-बिरंगी पतंगें बनाई गईं।



सभी बच्चे आज पीले रंग के विशिष्ट भोज्य पदार्थ लेकर उपस्थित हुए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कक्षा दो से रोहन, मसीरा, कक्षा तीन से कियारा, आयत कक्षा चार से ऋषभ, हरलीन कौर, कक्षा पांच से उजैफा, विराट प्रथम स्थान पर रहे। कक्षा दो से धुव्र, विवान, कक्षा तीन से आरुष, जैनब, कक्षा चार से रिमशा, आहना सैफी, कक्षा पांच से मानवी, मन्नत तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा दो से अनन्या, माही शर्मा, कक्षा तीन से रय्यान, आरुषि, कक्षा चार से लक्ष्य, कमलदीप, कक्षा पांच से मानवी वर्मा, नैना तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती ममता सिंह चौहान ने बच्चों को बसंत पंचमी के बारे में विस्तार से जानकारी देकर सभी को आगे बढ़ने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि जिस तरह पतंग उड़कर ऊंचाई पर जाती है, उसी प्रकार हमें भी जीवन की ऊंचाइयों पर पहुंचना है।

# गैस गीजर में नहाते समय दम घुटने से छात्रा की मौत

### सेंट मैरिज इंटर कॉलेज में शोक की लहर



मृतक छात्रा सुभाना को श्रद्धांजलि अर्पित करते फादर जोस आलूकल

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )**। सेंट मैरिस इंटर कॉलेज में मंडावली में एक छात्रा की मृत्यु पर शोक सभा आयोजित कर संवेदना व्यक्त की गई। क्षेत्र के ग्राम भागूवाला निवासी सुभाना (17 वर्ष) पुत्री शाकिर सेंट मैरिस इंटर कॉलेज मंडावली में कक्षा 12 की छात्रा थी। बुधवार को छात्रा स्कूल की छुट्टी के बाद घर पहुंचने पर नहाने लिए गई। वह घर पर बाथरूम में लगे गैस गीजर से गर्म पानी लेकर नहा रही थी, काफी देर तक जब शुभाना बाथरूम से नहीं आई तो परिजनों ने बाथरूम का दरवाजा खटखटाया। छात्रा के कुछ न बोलने पर दरवाजा तोड़ा गया तो देखा कि छात्रा वहां बेहोश पड़ी थी। परिजन सुभाना को उपचार के लिए आनन-फानन में चिकित्सक के पास ले गए, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार सुभाना की मौत बाथरूम में गैस गीजर से निकली गैस के कारण दम घुटने से हुई है। उसकी मौत से परिजनों ने कोहराम गया। सेंट मैरिस कॉलेज में भी शोक की लहर दौड़ गई। विद्यालय में शोकसभा आयोजित कर मृतक छात्रा सुभाना को विद्यालय के प्रबंधक फादर जोस आलूकल, प्रधानाचार्य सिस्टर शीबा अगस्टी, शिक्षक आलोक त्यागी, द्विजेंद्र त्यागी, पंकज सिंह, शैलेश कुमार, शिवओम राजपूत, मुकुल राठी, रविकांत वर्मा, मीनाक्षी बल्लभ आदि शिक्षक, शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की।


## कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, मौ.पुर देवमल, ( बिजनौर )

पत्रांक: बेसिक/जर्जर भवन नीलामी/1340-48/2025-26 दिनांक - 22-01- 2026

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विकास क्षेत्र मौ.पुर देवमल के 15 (पंद्रह) परिषदीय विद्यालयों में स्थित जर्जर भवनों की नीलामी की प्रक्रिया दिनांक 27.01.2026 को प्रात: 10.00 बजे से बीआरसी जमालपुर पठानी के मीटिंग हॉल में की जानी है। निष्प्रयोज्य भवनों का अवलोकन सम्बन्धित विद्यालय में जाकर किया जा सकता है। जर्जर भवनों की सूची व नीलामी की शर्ते अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**डा. ( प्रभात कुमार )**
**खण्ड शिक्षा अधिकारी**
**मौ.पुर देवमल ( बिजनौर )।**


## जेपी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने किया मुरादाबाद महोत्सव का दौरा



**चांदपुर ( चिंगारी )**। जेपी पब्लिक स्कूल चांदपुर के छात्र-छात्राओं ने मुरादाबाद महोत्सव-उदिशा (साहित्य और सांस्कृतिक उत्सव) के शैक्षिक और सांस्कृतिक दौरे में हिस्सा लिया। इस दौरे का मकसद छात्रों को भारत की साहित्य, कला और संस्कृति की समृद्ध विरासत से परिचित कराना था। इस अवसर पर छात्रों ने विभिन्न प्रदर्शनी स्टॉल, हस्तशिल्प प्रदर्शन, पुस्तक मेले और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखा। उन्होंने पारंपरिक कलाओं के लाइव प्रदर्शन देखे और स्थानीय कारीगरों और कलाकारों से बातचीत की। शिक्षकों ने पूरे दौरे के दौरान छात्रों का मार्गदर्शन किया और भारतीय परंपराओं को बनाए रखने और युवाओं में रचनात्मकता को बढ़ावा देने में ऐसे सांस्कृतिक उत्सवों के महत्व के बारे में बताया। छात्रों ने बहुत उत्साह और जिज्ञासा दिखाई। विद्यालय की प्रबंधिका नीतू गुप्ता ने छात्रों के अनुशासन और भागीदारी की सराहना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनीत तोमर ने छात्रों को इस प्रकार के महोत्सव में भाग लेने के लिए अग्रसर किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की, पीजीटी अकाउंटेंसी अध्यापक नवनीत चौधरी ने इस महोत्सव के विषय में छात्र-छात्राओं को विस्तारपूर्वक बताया।


# कार्यालय जिला पंचायत, बिजनौर।

पत्रांक-1317/ कांवड़ मेला-जि.पं./2025-26 दिनांक-22 जनवरी, 2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फाल्गुन शिवरात्रि कांवड़ मेला 2026 हेतु श्रद्धालुओं की सुरक्षा की दृष्टि से विकास खण्ड नजीबाबाद के अंतर्गत भागूवाला मोटा महादेव मार्ग पर मोहनपुर तिराहे से मोटा महादेव मन्दिर की ओर व मोटा महादेव मन्दिर से दाना पानी होटल तक 19 कि.मी. मार्ग व विकास खण्ड मौ.पुर देवमल में चन्दक रेलवे फाटक, जंगल शहबाजपुर के पास, ग्राम ईनामपुरा के पास एवं मालन नदी के पुल के पास तक लम्बाई 4.90 कि.मी. तथा विकास खण्ड धामपुर में खो नदी के पुल से नन्दगांव एवं हरेवली मार्ग से नन्दगांव तक लम्बाई 02 कि.मी. अस्थाई रूप से किराये पर प्रकाश व्यवस्था तथा आईपी बेस कैमरे लगाने सहित (सम्पूर्ण कार्य) दिनांक 04-02-2026 से 14-02-2026 तक, जो दो वर्ष के कार्य का अनुभव रखता हो निविदा मैनुअल प्रक्रिया से जिला पंचायत, बिजनौर में दिनांक 29-01-2026 को आमन्त्रित की जायेगी। निविदा फार्म इसी दिनांक को प्रात: 10:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक विक्रय किये जायेंगे तथा अपरान्ह 03:00 बजे तक सीलबन्द लिफाफे में टेन्डर बॉक्स में डाली जायेगी। निविदा समिति द्वारा उक्त दिनांक को ही सायं 04:30 बजे खोली जायेगी। निविदा क्रय करने से पूर्व निविदा का मूल्य जीएसटी सहित व कार्य की जमानत रूपये 50,000- किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत एफडीआर जो अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत बिजनौर के पदनाम से बंधक होगी। जमा करना अनिवार्य होगा। शेष शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से देखी जा सकती हैं।

**अभियन्ता** | **अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत, बिजनौर।** | **जिला पंचायत, बिजनौर।**

# पोषक नहर में तैरता मिला युवक का शव

## क्षेत्र में सनसनी फैली

स्योहारा ( चिंगारी )। गुरुवार को यहां जमालपुर महिपत के पास बड़ी पोषक नहर में एक युवक का शव मिलने से हड़कम्प मच गया। सूचना मिलते ही थाना स्योहारा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को नहर से बाहर निकलवाया।

पुलिस के अनुसार घटना ग्राम जमालपुर महिपत और पुलिस चौकी गोराबादल के बीच है। नहर से बाहर निकाले गये शव की शिनाख्त नहीं हुई। मृतक की उम्र करीब 30 वर्ष आंकी गई है। प्रारंभिक निरीक्षण में मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के स्पष्ट चोट के निशान नहीं पाए गये। पुलिस का कहना है कि शव लगभग पांच से छह दिन पुराना प्रतीत हो रहा है।

पुलिस शव की शिनाख्त के लिये आसपास के गांवों में पूछताछ कर रही है।

पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

नहर में शव मिलने की खबर से क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति के लापता होने की जानकारी हो तो थाने में सूचना दें, जिससे मृतक की पहचान में मदद मिल सके।

# हार्ट अटैक से हुई थी उत्कर्ष की मौत : पीएम से हुआ खुलासा

धामपुर ( चिंगारी )। धामपुर शुगर मिल धामपुर के गेस्ट हाउस में बुधवार सुबह मिले 30 वर्षीय युवक उत्कर्ष सिसौदिया की मौत हार्ट अटैक से हुई थी। यह गुरुवार को उनकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ।

उल्लेखनीय है कि बुधवार सुबह लगभग 10 बजे शुगर मिल गेस्ट हाउस के कमरा नंबर-सात में 30 वर्षीय उत्कर्ष सिसोदिया निवासी वैशाली नगर, जयपुर (राजस्थान) का शव मिला था। युवक का रिश्ता एक न्यायिक अधिकारी की बेटी से तय हुआ था। न्यायिक अधिकारी व मृतक के परिजनों के आने के बाद ही रात में शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया था। गुरुवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई थी। इस संबंध में सीओ धामपुर अभय कुमार पांडेय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ है कि युवक की मौत हार्ट अटैक से हुई थी, पोस्टमार्टम के बाद जांच के लिए बिसरा सुरक्षित रख लिया गया है। उन्होंने बताया कि परिजनों ने किसी प्रकार का शक जताते हुए तहरीर नहीं दी है। पोस्टमार्टम के बाद गुरुवार को परिजन युवक का शव ले गए। उत्कर्ष सिसोदिया 12 जनवरी से शुगर मिल गेस्ट हाउस में ठहरा हुआ था, बुधवार सुबह गेस्ट हाउसकर्मी उसे नाश्ते के लिए पूछने गया तो युवक का शव कमरे में बैड पर पड़ा मिला था।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# बाइक फिसलने से युवक की मौत, परिजनों में कोहराम

**स्योहारा ( चिंगारी )। कांठ से स्योहारा की ओर लौट रहे दो युवकों की बाइक फिसलकर गिर गई, जिससे एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा मामूली रूप से घायल हो गया।**

मृतक की पहचान 28 वर्षीय दिनेश कुमार पुत्र सुरेशचंद्र निवासी मोहल्ला फकीरचंद, कांठ (मुरादाबाद) के रूप में हुई है। दूसरा युवक बालेश कुमार पुत्र विजयपाल निवासी गांव झिल्ला, स्योहारा का है। जानकारी के अनुसार दिनेश कुमार कांठ से स्योहारा थाना क्षेत्र के गांव झिल्ला आया था। वहां से वह बालेश कुमार के साथ बाइक से कांठ लौट रहा था।

सहसपुर के पास तिराहे पर अचानक बाइक फिसल गई, जिससे दोनों युवक सड़क पर गिर गये। हादसे में बालेश कुमार को गंभीर चोटें आईं, जबकि दिनेश कुमार मामूली रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने दिनेश कुमार को मृत घोषित कर दिया।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है।

# ट्यूटर पर नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के प्रयास का आरोप

**बिजनौर ( चिंगारी )। शिवालाकलां थाना क्षेत्र में ट्यूशन पढ़ाने वाले एक शिक्षक पर नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म का प्रयास करने का आरोप लगाया गया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।**

16 वर्षीय छात्रा शिवाला कलां क्षेत्र के एक गांव के निजी विद्यालय में कक्षा दस की छात्रा है। स्कूल की छुट्टी के बाद शिक्षक नियमित रूप से उसके घर ट्यूशन पढ़ाने आता था। गुरुवार की शाम निर्धारित समय पर वह ट्यूशन पढ़ाने आया। आरोप है कि पढ़ाई के बाद उसने अन्य बच्चों को घर भेज दिया और छात्रा को अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। छात्रा की चीख सुनकर उसकी बड़ी बहन वहां पहुंची और छात्रा को बचाया। इस दौरान शिक्षक फरार हो गया। थाना प्रभारी लखपत सिंह ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
Hero
फाइनेंस सुविधा
भी उपलब्ध है!

MEVRICK 440 पर पायें
50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
आकर्षक उपहार

XTREME 160 पर पायें
10,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

## भाजपा की सफलता

महाराष्ट्र में लंबे समय बाद अब भाजपा अविवादित रूप से 'बड़े भाई' की भूमिका में आ गई है और शिवसेना उसका 'छोटा भाई' बनकर रह गई है। शिवसेना का विभाजन तथा उद्धव ठाकरे का अवसरवाद इसका मुख्य कारण है। पता नहीं कि भाजपा ने उनको मुख्यमंत्री बनाने का वादा किया था या नहीं, पर पद की लालसा में उन्होंने बाला साहेब ठाकरे के 'प्रखर हिंदुत्व' को ठेकर मारकर 'सेक्युलर' कांग्रेस व रांकापा का साथ कर अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली थी। इसी प्रकार 'मराठी अस्मिता' के नाम पर गैर-मराठी लोगों को डराने-धमकाने की राज ठाकरे की रणनीति भी धराशाई हो गई। शिवसेना यह समझ ही नहीं सकी कि 2014 में नरेन्द्र मोदी के उदय और उनके प्रधानमंत्री बनने के बाद महाराष्ट्र के मध्य वर्ग तथा खासकर मारवाड़ी व्यापारियों को ऐसा नया नेता मिल गया था जो उनसे जबरन 'चंदा' वसूल करने वाला नहीं था। इससे देश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाली मुंबई को ऐसी रणनीति भी मिली जो देश की तेज आर्थिक प्रगति के साथ उसमें मुंबई का वर्चस्व बनाए रखने की भी इच्छुक थी। इसका एक दूसरा पहलू यह भी है कि भले ही कांग्रेस और रांकापा ने थोड़े समय के लिए भाजपा को पीछे धकेलने में सफलता पाई हो, पर उद्धव ठाकरे लगातार 'हिंदुत्व' व 'सेक्युलरिज्म' के बीच पेंडुलम की तरह झूलते रहे और इसका नुकसान महाराष्ट्र की सेक्युलर राजनीति को भी हुआ। असदुद्दीन ओवैसी की सफलता को भी इसी दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए। एमआईएम के एक नेता ने आरोप लगाया है कि भारत के 'सेक्युलर' दल मुसलमानों से दरी बिछवाने का काम लेते रहे, पर कुर्सियों पर खुद ही बैठे जो अब चलने वाला नहीं है। उत्तर प्रदेश के पिछले विधानसभा चुनावों के साथ ही बिहार के विधानसभा चुनाव और अब महाराष्ट्र के नगर निकाय चुनावों ने दिखा दिया है कि देश के खासकर युवा मुसलमानों का एक बड़ा तबका ओवैसी की बात ध्यान से सुन रहा है। ऐसे में सिद्धान्तहीन रूप से चुनावों के समय 'नरम हिंदुत्व' का रास्ता अपनाना तथा चुनावों के समय टिकट देने में मुसलमानों को समुचित प्रतिनिधित्व न देने का नतीजा घातक हो सकता है। महाराष्ट्र के नगर निकाय चुनावों ने यह संकेत भी दिया है कि अब भाजपा एक राष्ट्रीय पार्टी के रूप में देश की ज्यादा से ज्यादा जनता की स्वीकार्यता प्राप्त कर रही है तथा क्षेत्रीय दल या अवसरवादी गठबंधन उसका मुकाबला करने में सफल नहीं हो पा रहे हैं। कांग्रेस अब भी पूरे देश में भाजपा का मुकाबला करने वाली पार्टी है, लेकिन उसे कुछ पराजयों की चिन्ता किए बिना क्षेत्रीय दलों के सामने झुकने तथा अवसरवादी गठबंधन करने से बचना होगा।

## भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारी व्यक्तित्व

# नेताजी सुभाषचंद्र बोस

▶▶ अतिवीर जैन 'पराग'

**कांग्रेस के हरिपुरा ( गुजरात ) अधिवेशन में 1938 में सुभाषचंद्र बोस सर्वसम्मति से कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गए। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय योजना समिति का गठन किया। 1939 के त्रिपुरी ( जबलपुर, मध्य प्रदेश ) अधिवेशन में भी सुभाषचंद्र बोस को दोबारा कांग्रेस का अध्यक्ष चुन लिया गया। गांधी जी चाहते थे कि सीता रमैया अध्यक्ष बने, इसीलिए चुनाव हुआ। सुभाषचंद्र बोस को चुनाव में 1580 मत मिले और सीता रमैया को 1377 मत मिले। इस प्रकार गांधी जी के विरोध के बावजूद सुभाषचंद्र 203 मतों से अध्यक्ष पद का चुनाव जीत गए थे।**

तभी सितंबर 1939 में विश्व युद्ध शुरू हो गया। नेताजी ने अंग्रेजों को छह महीने में देश छोड़ने का अल्टीमेटम दिया। नेताजी के अल्टीमेटम का गांधी जी ने विरोध किया, जिससे इन्होंने कांग्रेस की अध्यक्षता छोड़ दी। इसके बाद डॉ.राजेन्द्र प्रसाद को कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया। गांधी जी भारत की पूर्ण स्वतंत्रता नहीं, बल्कि इसे ब्रिटेन का एक उपनिवेश राष्ट्र (डोमिनियन स्टेट) बनाना चाहते थे। यह प्रस्ताव कांग्रेस के 1928 में कोलकाता अधिवेशन में पास भी किया गया था, जिसका सुभाषचंद्र बोस ने बहुत विरोध किया था। 1939 में कांग्रेस की अध्यक्षता छोड़ने के बाद सुभाषचंद्र ने फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना की। कुछ दिन बाद ही सुभाषचंद्र को कांग्रेस से निकाल दिया गया और फॉरवर्ड ब्लॉक एक स्वतंत्र पार्टी बन गई।



सुभाषचंद्र बोस ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अंग्रेजों द्वारा भारत के संसाधनों का उपयोग करने का घोर विरोध किया और जनआंदोलन शुरू कर दिया, इसलिए अंग्रेजों ने उन्हें कोलकाता के घर में नजरबंद कर दिया। 1941 में सुभाषचंद्र बोस किसी तरह अंग्रेजों की कैद से छूटकर अफगानिस्तान के रास्ते जर्मनी पहुंच गए और गुमनाम हो गए। 1941 के अंत में बर्लिन में फ्री इंडिया सेंटर की स्थापना की और जन गण मन को भारत का राष्ट्रगान घोषित किया। देश को जय हिंद का नारा दिया। यहीं पर सुभाषचंद्र बोस को नेताजी की उपाधि दी गई। मई 1942 में जर्मनी में सुभाषचंद्र बोस ने हिटलर से मुलाकात की। हिटलर से उन्हें कोई सकारात्मक सहयोग नहीं मिला। इसी दौरान सुभाषचंद्र बोस की भेंट ऑस्ट्रेलिया की महिला एमिली से हुई, जो उनकी सचिव रहीं, और उन्होंने उससे शादी कर ली, जिससे उनके एक बेटी अनिता बोस हुई।

26 जनवरी 1943 को बर्लिन में भारतीय स्वाधीनता दिवस धूमधाम से मनाया गया, जिसमें नेताजी ने मुख्य भाषण दिया और उसके बाद जापान चले गए। जून 1943 में नेताजी की मुलाकात जापानी प्रधानमंत्री से हुई और उन्होंने भारत की संपूर्ण स्वाधीनता के लिए बिना शर्त पूरे समर्थन की अधिकृत घोषणा की। यह उस समय के परिप्रेक्ष्य में बहुत बड़ी अंतरराष्ट्रीय घटना थी। किसी भी विदेशी शासन प्रमुख द्वारा द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान इस प्रकार भारत को बिना शर्त पूरा समर्थन देने की घोषणा की गई थी। हालांकि गांधी जी इस प्रकार की कोई भी घोषणा ब्रिटिश सरकार या उसके मित्र देशों से नहीं करवा पाए थे, यह नेताजी की एक बड़ी जीत थी। इसके बाद नेताजी ने अपनी मौजूदगी जग जाहिर कर दी और नागरिक रेडियो पर अपना विशेष प्रसारण किया। जुलाई 1943 में नेताजी सिंगापुर पहुंच गए, जहां रासबिहारी बोस और इंडियन नेशनल आर्मी आजाद हिंद फौज के अफसरों और नेताओं ने नेताजी का स्वागत किया।

पांच जुलाई 1943 नेताजी के जीवन का सर्वाधिक वैभवशाली दिन था, क्योंकि उस दिन सिंगापुर टाउन हॉल के एक बड़े मैदान में उन्होंने सर्वोच्च सेनापति सुप्रीम कमांडर के रूप में आजाद हिंद फौज की सलामी ली। यहीं पर उन्हें नेताजी का नाम दिया गया। उन्होंने अपनी फौज को संबोधन में कहा था- तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा। उन्होंने ब्रिटिश साम्राज्यवाद की कब्र बनाने का आह्वान सैनिकों से किया। इक्कीस अक्टूबर 1943 को सिंगापुर में एक ऐतिहासिक सभा में उन्होंने प्रथम अंतरिम आजाद हिंद सरकार की स्थापना का ऐलान किया। इस अंतरिम सरकार को विश्व के तीन प्रमुख देश जापान, जर्मनी और इटली समेत कुल नौ देशों ने मान्यता प्रदान कर दी। इस प्रकार दो सौ वर्ष में भारत के स्वाधीनता सेनानियों को अपने स्वाधीन राष्ट्र की अनुभूति हुई थी। आजाद हिंद सरकार की पहली घोषणा थी अमेरिका और ब्रिटेन के विरुद्ध युद्ध। बाईस अक्टूबर 1943 को नेताजी ने आजाद हिंद फौज की रानी झांसी रेजीमेंट का औपचारिक उद्घाटन किया, जिसमें भारतीय महिलाओं की भागीदारी थी। आजाद हिंद सरकार की स्थापना के बाद, आजाद हिंद बैंक ने 10 से लेकर 1,00,000 तक के नोट के जारी किए, 1,00,000 के नोट में नेताजी की तस्वीर छापी गई थी।

29 दिसंबर 1943 को नेताजी अंडमान पहुंचे, यहां राष्ट्र अध्यक्ष के रूप में उन्होंने जिमखाना मैदान में भारी जनसमुदाय के बीच राष्ट्रीय तिरंगा फहराया। नेताजी ने अंडमान को शहीद दीप समूह तथा निकोबार को स्वराज दीप समूह का नया नाम दिया था। जनवरी 1944 में नेताजी अपना मुख्यालय सिंगापुर से भारत के नजदीक रंगून (बर्मा) में ले आए। आजाद हिंद फौज ने 18 मार्च 1944 को इंफाल के रास्ते भारत में प्रवेश किया,पर खराब मौसम के कारण ज्यादा आगे नहीं बढ़ पाए। जापान की हार के कारण नेताजी का आजाद हिंद फौज के द्वारा स्वतंत्रता का सपना पूरा न हो पाया। ऐसा माना जाता है कि अट्ठारह अगस्त 1945 को जापान जाते समय नेताजी का विमान ताइवान में क्रैश हो गया, परंतु उनका शरीर नहीं मिला और तब से लेकर आज तक उनकी मृत्यु एक विवाद और रहस्य का विषय बनी हुई है।

नेताजी के जय हिंद नारे से राष्ट्रीय चेतना जागृत हो गई। आज भी जय हिंद का उद्घोष जनमानस में जोश भरने और देश प्रेम की भावना को जीवित करने का साधन बना हुआ है। अपनी क्रांतिकारी सोच के कारण नेताजी ने उस समय के जनमानस को उद्वेलित किया और स्वतंत्रता के लिए संघर्ष को प्रेरित किया, जिसने भारत की आजादी में उत्प्रेरक का काम किया। उनकी विचारधारा भारतीय जनमानस में सदा बसी रहेगी। देश आज भी नेताजी को एक क्रांतिकारी नेता के रूप में याद करता है और सदा करता रहेगा।

(लेखक रक्षा मंत्रालय के पूर्व उपनिदेशक हैं) (विनायक फीचर्स)

## लगन

प्रेरक-प्रसंग

गुरुकुल में अपनी शिक्षा पूरी करके एक शिष्य अपने गुरू से विदा लेने आया। गुरू ने कहा वत्स यहां रहकर तुमने शास्त्रों का समुचित ज्ञान प्राप्त कर लिया, किन्तु कुछ उपयोगी शिक्षा शेष रह गई है। इसके लिये तुम मेरे साथ चलो। शिष्य गुरू के साथ चल पड़ा। गुरू उसे गुरुकुल से दूर एक खेत के पास ले गए, वहां एक किसान खेतों में पानी दे रहा था। गुरू और शिष्य उसे गौर से देखते रहे, पर किसान ने एक बार भी उनकी ओर आंख उठाकर नहीं देखा। जैसे इस बात का अहसास ही न हुआ हो कि पास में कोई खड़ा भी है। जैसे उसे इस बात का अहसास ही न हुआ हो कि पास में कोई खड़ा भी है। वहां से आगे बढ़ते हुए उन्होंने देखा कि एक लुहार भट्‌टी में कोयला डाले, उसमें लोहे को गर्म कर रहा था। लोहा लाल होता जा रहा था। लुहार अपने काम में इस कदर मगन था कि उसने गुरू-शिष्य की ओर जरा भी ध्यान नहीं दिया। गुरू ने शिष्य को चलने का इशारा किया। दोनों आगे बढ़े। आगे थोड़ी दूर पर एक व्यक्ति जूता बना रहा था। चमड़े को काटने, छीलने और सिलाई करने में उसके हाथ सधे ढंग से चल रहे थे। गुरू ने शिष्य को वापस चलने को कहा। शिष्य यह न समझ सका कि आखिर गुरू का इरादा क्या है? रास्ते में चलते हुए गुरू ने शिष्य से कहा, वत्स मेरे पास रहकर तुमने शास्त्रों का अध्ययन किया, लेकिन व्यावहारिक-ज्ञान की शिक्षा अभी बाकी थी। तुमने इन तीनों को देखा। ये सभी अपने काम में संलग्न थे। अपने काम में ऐसी ही तल्लीनता आवश्यक है, तभी व्यक्ति को सफलता मिलती है।

# कांवड़ यात्रा के लिये कमर कस लें अधिकारी : डीएम

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्वक एवं सुरक्षात्मक रूप से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. कौशलेंद्र सिंह सहित समस्त उपजिलाधिकारी एवं लोक निर्माण विभाग, विद्युत, नगर निकाय, परिवहन के अधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि कांवड़ यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण करें तथा निरीक्षण के दौरान पायी जाने वाली कमियों एवं समस्याओं का तत्काल निस्तारण करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि



कांवड़ यात्रा मार्गों पर कैमरा लगाना तथा लगाए गए सभी कैमरों को एक्टिवेट भी किया जाये।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग को यात्रा मार्ग के गड्ढे भरने और नगर निगम को कांवड़ मार्ग पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर जगह-जगह मेडिकल कैंप स्थापित किए जाएंगे और एम्बुलेंस की 24 घंटे उपलब्धता कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि जिला प्रशासन द्वारा शिविरों और ढाबों पर दी जाने वाली खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की नियमित जांच की जाए और समस्त ढाबों की रेट लिस्ट को भी देखना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि गुलदार प्रभावी सभी क्षेत्रों में गुलदार एवं उससे बचाव के साइन बोर्ड भी लगाये जायें। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने निर्देश दिये कि संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा पूरे यात्रा मार्ग की ड्रोन के माध्यम से निगरानी की जाएगी। कांवड़ यात्रा के दौरान भारी वाहनों के लिए रूट डायवर्जन प्लान लागू किया जाएगा। अवैध पार्किंग पर सख्त कार्यवाही करें ताकि यातायात बाधित न हो।

# अदालत ने आरोपियों की जमानत अर्ज़ी ख़ारिज की

**बिजनौर ( चिंगारी )।** विशेष सत्र न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) ने शिवाला कला थाना क्षेत्र के ग्राम मुस्तफाबाद में पौने दो महीने पहले दबंगों ने दो महिलाओं सहित तीन लोगों पर गाड़ी चढ़ाकर जान से मारने के इरादे के मामले में रोहित और प्रशांत तोमर की जमानत अर्जी निरस्त कर दी।



विशेष लोक अभियोजक शलभ शर्मा ने बताया कि ग्राम मुस्तफाबाद के वंचित वर्ग के अंकित ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 30 नवंबर 2025 की रात को उसके घर के दरवाजे के सामने गांव के प्रशांत तोमर पुत्र चरन सिंह एवं रोहित कुमार पुत्र सुक्खे सिंह गालियां दे रहे थे। अंकित ने बाहर आकर अभियुक्तों को कहीं दूसरी जगह जाकर गालियां देने को कहा तभी दोनों अभियुक्तों ने पीड़ित को जाति सूचक शब्द कहकर जान से मारने की धमकी दी। इस शोर शराबे पर घर की महिलाएं भी बाहर आ गईं। प्रशांत तोमर और रोहित ने आल्टो गाड़ी का बैक गियर डालकर तीव्र गति से सबके ऊपर गाड़ी चढ़ा दी। इस घटना में माया देवी घायल होकर बेहोश हो गई। एक अन्य महिला केला देवी का पैर टूट गया। जबकि अंकित के भी हाथ, मुंह पर काफी चोटें आईं। गंभीर चोटों के कारण माया देवी की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी चांदपुर ने मामले की तफ्तीश करते हुए अभियुक्तों को जेल भेज दिया था। दोनों अभियुक्तों ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में जमानत याचिका दाखिल की। इस मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश अवधेश कुमार ने अभियोजन व बचाव पक्ष के जमानत तर्कों को सुनने के बाद मामला गंभीर प्रवृत्ति का होने के कारण दोनों अभियुक्तों प्रशांत तोमर और रोहित की जमानत याचिका निरस्त कर दी है।

## शेरबाज पठान कांग्रेस से निष्कासित

**बिजनौर( चिंगारी )।** कांग्रेस अनुशासन समिति ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर पूर्व जिलाध्यक्ष शेरबाज पठान को छह वर्ष के लिए कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया है। अनुशासन समिति के सदस्य एवं पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला ने इस कार्रवाई की जानकारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह को लिखित रूप से दी है। जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह ने निष्कासन की पुष्टि करते हुए बताया कि पार्टी अनुशासन के खिलाफ किसी भी प्रकार की गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# स्टोर मेडिकल संचालक पर कैंची से हमला

**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्थानीय मंडावर रोड स्थित एक मेडिकल स्टोर के सामने से स्कूटी हटाने को लेकर हुए झगड़े में पड़ोसी दुकानदार ने मेडिकल संचालक पर कैंची से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मेडिकल संचालक ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

गुरुवार को करीब 11 बजे दिलवार सिंह निवासी ग्राम हकीकतपुर प्रयाग, थाना कोतवाली देहात, मंडावर रोड पर सरकारी अस्पताल के पास अपने मेडिकल स्टोर पर मौजूद थे। इसी दौरान उनके पड़ोसी पुष्पेन्द्र पुत्र चमन सिंह निवासी ग्राम गंगोड़ाजट, थाना हल्दौर ने दिलावर के मेडिकल के सामने स्कूटी खड़ी कर दी। दिलावर द्वारा स्कूटी हटाने को कहने पर पुष्पेन्द्र ने गाली-गलौच शुरू कर दी और मारपीट पर उतारू हो गया। इसी दौरान उसने कैंची से दिलावर सिंह की बाईं ओर छाती पर वार कर दिया। कैंची लगने से दिलावर सिंह लहूलुहान हो गया। पीड़ित के शोर मचाने पर लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह बीच-बचाव कर उसकी जान बचाई। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित मेडिकल स्टोर संचालक ने शहर कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

# गरिमापूर्ण तरीके से मनाया जायेगा गणतंत्र दिवस- डीएम

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में आगामी गणतंत्र दिवस की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में उन्होंने कहा कि सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस पूर्व की भांति पूरे हर्षोल्लास, धूमधाम व गरिमापूर्ण तरीके से मनाया जाएगा।



उन्होंने बताया कि 26 जनवरी 2026 को प्रातः 8:30 सरकारी भवनों पर झंडारोहण, राष्ट्रगान तथा संविधान में उल्लेखित संकल्प का स्मरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रातः 9:30 बजे पुलिस लाइन में पुलिस परेड का आयोजन, जिसमें जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा सैन्य बलकर्मियों की विधवाओं व अभिभावकों को ससम्मान आमंत्रित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 26 जनवरी को प्रातः 10:00 बजे जनपद के समस्त शिक्षण संस्थाओं में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा तथा राष्ट्रगान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समस्त शिक्षण संस्थान खेल कूद, साइकिल रेस आदि का आयोजन, नाटक, विचार गोष्ठी, निबंध, लेखन की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि दोपहर 1:00 बजे कुष्ठ आश्रम एवं जिला अस्पताल में फल वितरण कार्यक्रम, दोपहर 1:30 बजे जनपद मुख्यालय स्थित सभी विद्यालयों के एनसीसी कैडेट, स्काउट गाइड इत्यादि द्वारा रूट मार्च का आयोजन तथा अपरान्ह में विकास भवन में विचार गोष्ठी कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, चिकित्साधिकारी कौशेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पुलिस ने मॉडीफाइड साइलेंसर लगी दो बुलेट सीज कीं

**बिजनौर ( चिंगारी )।** गुरुवार को प्रवर्तन अभियान के तहत सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) गौरी शंकर ठाकुर एवं यात्रीकर अधिकारी मुन्नालाल के नेतृत्व में विभिन्न मार्गों पर दोपहिया वाहनों की जांच की गई। कुल 45 दोपहिया वाहनों को चैक किया गया। जांच में दो बुलेट में मॉडीफाइड साइलेंसर पाए जाने पर उनके चालान किए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मॉडीफाइड साइलेंसर और स्टंटिंग न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि आमजन की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करता है। इस मौके पर दोपहिया वाहन चालकों को वाहन चलाते समय हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनने, तेज गति से वाहन न चलाने तथा यातायात नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया गया। एआरटीओ प्रशासन शिवशंकर सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह का उद्देश्य केवल चालान करना नहीं, बल्कि लोगों को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करना है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

# रिश्वत लेने बिजनौर से धामपुर पहुंचा जेई

## चेयरमैन व सभासदों ने रंगे हाथों थाम लिया

**धामपुर ( चिंगारी )।** गुरुवार को नगर के मुहल्ला बाड़वान निवासी एक व्यक्ति से पीएम आवास-प्रथम योजना के अंतर्गत पहली किस्त आने पर 20 हजार रुपए रिश्वत लेने बिजनौर के डूडा विभाग का कर्मचारी धामपुर पहुंचा। जहां उसने स्वयं को डूडा का जेई बताया। रिश्वत लेने के बाद उसे रंगे हाथों नगर पालिकाध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह ने सभासदों के सहयोग से दबोच लिया। डीएम व डूडा विभाग के अधिकारियों से उसकी शिकायत कर दी गई है। डूडा अधिकारियों का कहना है कि यह पीएम आवास-प्रथम योजना में कार्य करता था, अब द्वितीय योजना में वह नहीं है।


आरोपी को पकड़े हुए नगर पालिका अध्यक्ष रवि कुमार सिंह।

प्राप्त विवरण के अनुसार नगर के मुहल्ला बाड़वान निवासी सुनील कुमार का पीएम आवास-प्रथम योजना के सर्वे में मकान बनवाने के लिए नाम आया था। बताया जाता है कि उनकी पहली किस्त के रूप में कुछ दिन पहले 50 हजार रुपए आए थे। सुनील का आरोप है कि बिजनौर के डूडा विभाग में कार्यरत व सर्वे करने वाला प्रदीप कुमार स्वयं को जेई बताता है। वह किस्त आने पर 20 हजार रुपए की मांग करता है। सुनील कुमार ने इसकी शिकायत धामपुर पालिकाध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह से की। कल गुरुवार शाम मुहल्ला बाड़वान में नगर पालिका सभासद श्रीमती पूनम सैनी के घर पर प्रदीप कुमार रिश्वत लेने आया था। लेकिन वहां पहले से ही पालिकाध्यक्ष रवि कुमार सिंह सभासद सुमित माहेश्वरी, मुकुल सैनी, सभासद पति रविशंकर सैनी के साथ घर के दूसरे कमरे में मौजूद थे। जैसे ही प्रदीप कुमार ने 20 हजार रुपए रिश्वत ली, पालिकाध्यक्ष ने उसे रंगेहाथ दबोच लिया। जब उसकी जेब से रिश्वत लिए गए पैसे निकल गए, तो वह अपनी गलती मानते हुए माफी मांगने लगा। इसके बाद पालिकाध्यक्ष रवि कुमार सिंह ने ईओ रवि शंकर शुक्ला को इसकी सूचना दी। जिसके बाद डीएम जसजीत कौर व डूडा के अधिकारियों को अवगत करा दिया गया। अधिकारियों से शिकायत के बाद आरोपी जेई को छोड़ दिया गया। इस बारे में पालिकाध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह का कहना है कि उन्होंने अधिकारियों को अवगत करा दिया है, अब विभाग द्वारा आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया लगभग 1 वर्ष से उनके पास डूडा के अधिकारियों द्वारा पीएम आवास योजना में रिश्वत लिए जाने की शिकायत आ रही थी। जिसके आधार पर कल गुरुवार को आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया गया।

## इंका नेता मौ. क़ासिम को पत्नी-शोक

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला अफगानान निवासी वरिष्ठ कांग्रेस नेता मौहम्मद कासिम की पत्नी दिलशाद परवीन का बीती रात इंतकाल हो गया। वह 65 वर्ष की थीं। परिजनों के अनुसार दिलशाद परवीन पिछले काफी समय से कैंसर से पीड़ित थीं, उनको कल उपचार हेतु दिल्ली ले जाया जा रहा था कि रास्ते में ही उनका इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल का समाचार सुनकर मोहल्ला अफगानान स्थित उनके आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर इस दुनिया से रुखसत हुई हैं।

## नृत्य प्रतियोगिता में विजयी छात्राओं को किया सम्मानित



**धामपुर ( चिंगारी )।** कन्या इंटर कॉलेज में मंडल में प्रथम आने पर छात्राओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मण्डल स्तरीय 'हमारी संस्कृति हमारी पहचान' संस्कृति उत्सव 2025-26 के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में कन्या इंटर कॉलेज धामपुर की छात्राओं आयशा, गौरी, वंशिका, सिमरन, प्रिया, अंशिका, दीपिका, मनिका ने समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। छात्राओं की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय लौटने पर प्रबंधक शलभ कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार एवं प्रधानाचार्या रेखा देवी द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया एवं स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं सुषमा शर्मा, विनोद शर्मा एवं लाल सिंह धर्मवती उपस्थित रहीं और छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या ने कहा कि छात्राओं की यह सफलता उनकी मेहनत, अनुशासन और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति समर्पण का परिणाम है।

## हंगामा लोक समिति ने मनाया बसंत उत्सव



**धामपुर ( चिंगारी )।** हंगामा लोक सामाजिक, साहित्य समिति की संरक्षक निर्मला कौशिक व संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशिक द्वारा बसंत पंचमी उत्सव व अयोध्या में श्रीराम मंदिर स्थापना की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका कार्यक्रम का शुभारंभ सुषमा रस्तौगी द्वारा शारदे माता गीत पर सुंदर नृत्य करके किया गया।

कार्यक्रम में शीतल शर्मा, शशिबाला शर्मा, अनिता शर्मा, मंजू, रानी सैनी, अंजू मित्तल, तारा जोशी, विमला भटनागर, माया सैनी, पूजा गोयल, सार्थक रस्तौगी, लक्ष्यसैनी, मीनाक्षी, राज, सुदेश शर्मा, खुशी, इशिका आदि द्वारा सुंदर सुंदर प्रस्तुति दी गयी। सभी को समिति की संरक्षक निर्मला कौशिक, शशिबाला शर्मा द्वारा सम्मानपत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सुनीता गोस्वामी, सृष्टि, अनिता अग्रवाल, आशा आदि उपस्थित रही।

कार्यक्रम में सार्थक रस्तौगी ने राम जी व मीनाक्षी ने सीता व इशिका ने उर्मिला व राज सैनी ने हनुमान व लक्ष्य सैनी ने लक्ष्मण की भूमिका निभायी। कार्यक्रम के अंत में सभी के द्वारा दीप प्रज्वलित किये गये व फलों और हलवे का प्रसाद वितरित किया गया।

## कोर्ट के आदेश पर दुकान कराई खाली

**धामपुर ( चिंगारी )।** गुरुवार सांय स्योहारा रोड पर शीला टाकिज के पास स्थित एक दुकान को कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर खाली करा दिया। यह दुकान आरएसएम डिग्री कालेज के कृषि फार्म की भूमि पर बनी हुई है। दुकान खाली करने को लेकर पिछले काफी समय से कोर्ट में वाद चल रहा था। गुरुवार शाम कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह टीम के साथ शीला टाकिज के बाहर बनी दुकान पर पहुंचे। उनके साथ बिजनौर कोर्ट से तैनात किए गए अमीन विमल कुमार, सहायक अमीन वरुण कुमार एवं अधिवक्ता राजीव चौहान भी थे। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि लघुवाद न्यायाधीश, बिजनौर नितिश कुमार सिन्हा के आदेश पर यह कार्रवाई की गई है। दुकान में गांव सरकथल सानी निवासी असगर पुत्र सद्दीक जनता हेयर ड्रेसर के नाम से दुकान चला रहा था। कोतवाली प्रभारी मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि दुकान को खाली कराने को काफी समय से कोर्ट में वाद चल रहा था। टीम ने पुलिस की मौजूदगी में दुकान खाली कराई, जिसके बाद न्यायालय के आदेश पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों को दुकान सौंप दी गई है।

## डिवाइडर रोड की परिधि में आने वाले बिजली के खंभे उखाड़ने का काम शुरू

### अभी पेड़ों को कटवाने की नहीं मिली अनुमति

**धामपुर ( चिंगारी )।** लोक निर्माण विभाग नजीबाबाद परिक्षेत्र द्वारा दुर्गा विहार कॉलोनी से राजपूताना रिजॉर्ट तक बनाए जाने वाले डिवाइडर रोड की परिधि में आने वाले बिजली के खम्बो को उखाडे जाने का काम शुरू हो गया है। पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार देवेंद्र चौहान की देखरेख में कल दुर्गा विहार कॉलोनी से नगीना रोड तक जेसीबी मशीन से डिवाइडर रोड की परिधि में आने वाले बिजली के खम्बो को उखडवाए जाने का काम शुरू कराया गया। पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार देवेंद्र चौहान ने बताया कि बिजली के खंबे हटाने और तारों पर आने वाले पेड़ों को टहनियों को हटवाने की परमिशन हो गई है। इसी के अंतर्गत यह काम शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अभी डिवाइडर रोड पर आने वालों पेड़ों को कटवाने की परमिशन नहीं दी है परंतु आने वाली वाले महाशिवरात्रि पर्व को ध्यान में रखते हुए एक फरवरी, रविवार से दुर्गा विहार कॉलोनी से डिवाइडर रोड का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 4 किलोमीटर लंबे मार्ग पर बनने वाली डिवाइडर रोड के दौरान तीन पुलियों को सुदृढ़ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 4 किलोमीटर लंबे मार्ग के चौड़ीकरण के बाद जो डिवाइडर बनेगा उसमें नगीना चौक को छोड़कर मुख्य मार्गों पर डिवाइडर बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकारी मशीनरी द्वारा समय से कार्यों की मंजूरी न दिए जाने के कारण 8 महीने से यह काम लटका पड़ा है परंतु अब जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसे शुरू कर दिया जाएगा।


जेसीबी मशीन से बिजली का खंभा उखाड़ते हुए मजदूर।

# पूर्ण हो चुकीं जो परियोजनाएं, उन्हें संबंधित विभागों को हैण्डओवर किया जाये : डीएम

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीएमआईएस तथा एनएचएआई के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सुश्री लक्ष्मी देवी सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।




बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिले में पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं को तत्काल संबंधित विभागों को हैण्ड ओवर करना सुनिश्चित करें ताकि उनका उपयोग शुरू किया जा सके। उन्होंने सभी निर्माण कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं, उनको पूर्ण समयबद्धता के साथ पूरा कर संबंधित विभाग को स्थानांतरित करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि यथासंभव पूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण जनप्रतिनिधियों द्वारा कराया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि सूची की सत्यता एवं अद्यतन स्थिति सुनिश्चित की जाए तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्यालय में उपलब्ध कराई जाए, जिससे कार्यक्रमों का प्रभावी नियोजन एवं समन्वय सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने निर्देशित किया कि सभी परियोजनाएं जो अपूर्ण हैं उन परियोजनाओं में अपेक्षित प्रगति लाते हुए और निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें और जो पूर्ण हो चुकी हैं, उन्हें तत्काल संबंधित विभाग को हस्तांतरित करना सुनिश्चित करें।

# बसंत पंचमी पर कमेटी के लोगों ने होली वाले कुएं पर रखा बसंत

**नहटौर (चिंगारी)।** श्री आदर्श होली हवन समिति के तत्वावधान में बसंत पंचमी के अवसर पर कमेटी के लोगों द्वारा पूजा पाठ के उपरांत होली वाले कुएं पर बसंत रखा गया।



नगर क्षेत्र में बसंत पंचमी का त्यौहार मनाया गया। क्षेत्र के कई स्कूलों में सरस्वती माता का पूजन हुआ। अध्यापकों ने छात्र-छात्राओं को बसंत पंचमी का महत्व बताया। श्री आदर्श होली हवन समिति के पदाधिकारी पंचायती मंदिर में एकत्र हुए और बसंत पंचमी का पूजन किया। मां सरस्वती की आरती की गई और होली हवन का झंडा लेकर होली चौक के लिए रवाना हुए। ढोल नगाड़ों के साथ समिति पदाधिकारी होली चौक पहुंचे, जहां उन्होंने होली का बसंत रखा व पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर अध्यक्ष ऋषभ जैन, कोषाध्यक्ष मोहित भारद्वाज, संतोष गुप्ता, विपिन अग्रवाल राडू, माणिक वर्मा, अनुज गोयल, नितिन अग्रवाल, प्रमोद, कमल वर्मा, रमन अग्रवाल, मयंक गोयल, मिंटू वर्मा, विशेष कुमार, शगुन वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष वैभव गोयल, कपिल शर्मा, विनीत गोयल, अर्पित गुप्ता, अंकुश अग्रवाल, शिवम् कौशिक, वंश जैन, सुनील चौधरी, कमल सैनी, कृष्णा वर्मा, नीतीश कुमार, तेजपाल सैनी, आदेश चन्द्रा, राजेश चन्द्रा, पंकज जैन बिट्टू, राजेन्द्र अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, अमन अग्रवाल, व्योम जैन आदि लोग मौजूद रहे।

# कपड़े की फेरी लगाकर घर लौट रहे सलीम की नीलगाय से टकराकर मौत

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** बाइक से कपड़ों की फेरी कर घर लौट रहे एक व्यक्ति की नीलगाय से टकराकर मौत हो गई। कोतवाली अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम मीरापुर (उत्तर)- कल्लूवाला मार्ग पर गुरुवार की देर शाम कपड़े की फेरी कर बाइक से घर वापस लौट रहा एक व्यक्ति अचानक नीलगाय आ जाने से गिरकर घायल हो गया। मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने उसे सीएचसी अफजलगढ़ पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। अफजलगढ़ पुलिस टीम भी अस्पताल पहुंची और मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया। काफी देर बाद मृतक की पहचान सलीम (38 वर्ष) पुत्र सुलेमान मूल निवासी ग्राम मानियावाला, थाना अफजलगढ़, हाल निवासी नई बस्ती जसपुर (उत्तराखंड) के रूप में हुई। सूचना मिलते ही मानियावाला के तमाम ग्रामीण व रिश्तेदारों सहित जसपुर से परिजन भी अस्पताल पहुंचे। कासमपुर गढ़ी स्थित विवेकानंद पुलिस चौकी इंचार्ज एसआई मनवीर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया गया है। मूल रूप से मानियावाला निवासी सलीम के पिता 20-25 वर्ष पूर्व कारोबार के सिलसिले में सलीम व अन्य परिजनों सहित दिल्ली चले गए थे, जहां से वे कुछ साल पहले पुन: लौटकर मानियावाला आ गए थे। लगभग 2 वर्ष पूर्व वे उत्तराखंड के जसपुर की नई बस्ती में जाकर बस गए थे। मृतक सलीम की 8 वर्ष पूर्व मंझेड़ा निवासी सबा नूर से शादी हुई थी जिनके अभी कोई संतान नहीं है। मृतक के पिता सुलेमान ने बताया कि सलीम मोटरसाइकिल द्वारा गांव-गांव फेरी करके लेडीज सूट आदि कपड़े बेचने का काम करता था।


मृतक सलीम

# प्राथमिकता के आधार पर किया जाये निवेशकों व उद्यमियों की शिकायतों का निस्तारण

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिये कि जिले में औद्योगिक विकास को अपेक्षित प्रगति देने के लिए सार्थक प्रयास करें और निवेशकों एवं उद्यमियों से मिलकर उन्हें नये उद्योगों की स्थापना के लिये प्रेरित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रयास किया जाए कि उद्योग बंधु की बैठक में उठाए जाने वाले प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित गति के साथ निस्तारित करायें ताकि औद्योगिक विकास को प्रगति मिल सके और शासन के प्रति भी उद्योग बंधुओं का विश्वास और अधिक दृढ़ हो सके।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर 04 बजे कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में आयोजित जिला स्तरीय उद्योग बंधु बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दे रही थीं। उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित विभागीय प्रकरणों के भी जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश विभागीय अधिकारी को दिये। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि जिले में औद्योगिक विकास में गतिशीलता लाने के उद्देश्य से निवेशकों एवं उद्यमियों के सम्मुख आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता एवं तत्परता के साथ निराकरण किया जाए। ताकि जनपद का औद्योगिक विकास और अधिक तेजी से आगे बढ़ सके।

# मतदाता जागरूकता दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

## दीपशिखा प्रथम, कनक रही दूसरे स्थान पर



**बिजनौर (चिंगारी)।** वर्धमान महाविद्यालय बिजनौर में मतदाता जागरूकता दिवस के संबंध में भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रोग्राम अधिकारियों द्वारा स्वयंसेवकों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया, उसके पश्चात स्वयंसेवकों ने मतदान व मतदाता अधिकारों के प्रति अपने विचार व्यक्त किये। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर प्रीति खन्ना ने सभी स्वयंसेवकों को अपने मतदाता अधिकारों को जानने व लोकतंत्र को सशक्त बनाने का आह्वान किया। भाषण प्रतियोगिता में दीपशिखा को प्रथम स्थान, कनक वर्मा को द्वितीय स्थान तथा अदिति सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मुहम्मद साबिर, डॉ. बबीता चौधरी, डॉ. अनूप कुमार गुप्ता उपस्थित रहे।

# एकेडमी में 'पीला रंग दिवस' के रूप में मनाया गया बसंत पंचमी त्यौहार



एसएसके इंटरनेशनल एकेडमी में बसंत पंचमी के मौके पर अपनी प्रस्तुति देते स्कूली बच्चे।

**नगीना (चिंगारी)। एस. एस. के. इंटरनेशनल एकेडमी में बसंत पंचमी का त्यौहार 'पीला रंग दिवस' के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक निदेशक साहू अनुभव अग्रवाल, प्रबंधक निदेशिका सिद्धि अग्रवाल व प्रधानाचार्या अंशु बिश्नोई ने मां सरस्वती की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं व समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित किए। छोटे-छोटे बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। प्रबंधक निदेशक ने सभी को बसंत पंचमी के महत्व को समझाते हुए कहा कि बसंत पंचमी हमारे देश का महत्वपूर्ण उत्सव है, जिसका मुख्य लक्ष्य मां सरस्वती के चरणों में विद्या का वरदान प्राप्त करना है। उन्होंने बताया कि यह पर्व हर वर्ष माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है। इस मौके पर लक्ष्य अग्रवाल, ऋतिका, तरनजीत, मनिता, रिया चौहान आदि मौजूद रहे।

# मूर्ति स्थापना की वर्षगांठ पर हुआ भण्डारा



भंडारे में भोजन करते श्रद्धालु।

**नांगल सोती (चिंगारी)।** शिव मंदिर बरकातपुर में मूर्ति स्थापना की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। दो वर्ष पूर्व 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामलला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा के दिन क्षेत्र के ग्राम बरकातपुर में शिव मंदिर परिसर में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में भी श्रीराम दरबार, श्रीकृष्ण, राधा रानी और बजरंग बली हनुमान की मूर्तियों की स्थापना, प्राण-प्रतिष्ठा की गई थी। बृहस्पतिवार को मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर सर्वप्रथम यज्ञ-हवन का और उसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यज्ञ पंडित सतीश शर्मा ने सम्पन्न कराया। भंडारे में नवनीत, संजय, संदीप, धर्मा, अरुण, तुषार, अनिकेत, नर सिंह, मोहित, यशवंत, सुशील, उत्तम, प्रत्यक्ष, दीपक आदि ने श्रद्धालुओं को भोजन कराया, जबकि प्रधानपति सुधीर राजपूत, पूर्व प्रधान रामकुमार सिंह 'सर्वेश', सुशील राजपूत, गौरव राजपूत, डा. घनश्याम सिंह, ललित राजपूत आदि का योगदान रहा।

# बाइक भैंसा-बुग्गी से टकराई युवक को गम्भीर चोट आई

**नांगल सोती (चिंगारी)। एक बाइक सवार गन्ने से लदी भैंसा-बुग्गी में पीछे से टकराकर घायल हो गया। हेलमेट की वजह से बाइक चालक की जान बच गई। कल देर शाम लगभग 7 बजे नांगल-चंदक मार्ग पर ग्राम महमसापुर स्थित बैंकेट हॉल के सामने एक बाइक आगे जा रही गन्ने की भैंसा-बुग्गी से टकरा गई। दुर्घटना में बाइक चालक अश्वनी (28 वर्ष) पुत्र दीपक कुमार निवासी बिजनौर गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक पर वह अकेला ही था। सूचना पर डायल 112 की पीआरवी तथा नांगल की 108 एम्बुलेंस तुरंत मौके पर पहुंची। घायल को एम्बुलेंस द्वारा बिजनौर भिजवाया गया। सिर पर हेलमेट होने तथा एम्बुलेंस के तुरंत पहुंच जाने से युवक की जान बच गई।**

# अवैध वसूली के खिलाफ़ तहसील पर किया प्रदर्शन



**चांदपुर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने खानपुर खादर व धींवरपुरा में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में किसानों व फल विक्रेताओं से तहबाजारी के नाम पर 50 से 100 रूपये अवैध रूप से लिए जाने पर रोष जताते हुए अवैध वसूली के खिलाफ तहसील पर प्रदर्शन कर नायब तहसीलदार को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मांगें पूरी न किये जाने पर आन्दोलन की चेतावनी दी गई। गुरुवार को बड़ी संख्या में कार्यकर्ता तहसील पहुंचे तथा प्रदर्शन कर नायब तहसीलदार को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में सहकारी समितियों में किसानों से 7 प्रतिशत के हिसाब से जो ब्याज लिया गया था, जो सरकार ने 3 प्रतिशत कर दिया है, ऐसे में 4 प्रतिशत ब्याज का पैसा किसानों को वापस किया जाए, घरेलू बिजली बिलों पर सभी उपभोक्ताओं को 100 प्रतिशत की छूट दी जाए, बिजली बिलों पर 25 प्रतिशत की छूट सभी किसानों को दी जाए। ज्ञापन देने वालों में मुस्तकीम, दयाराम सिंह, समरपाल सिंह, सूरज कश्यप, विपिन कुमार, बृजपाल सिंह, सुनील कुमार, देवेन्द्र सिंह, सागर सिंह, नरेश कुमार, सुरेन्द्र सिंह, मांगेराम सैनी आदि शामिल थे।

# गलती से दूसरे के एकाउंट में रूपये डलवाये, पुलिस ने वापस कराये

**चांदपुर (चिंगारी)। ग़लती से दूसरे के बैंक एकाउंट में डाले गए 48 हजार रूपए पुलिस ने वापस दिला दिये। नगर के मुहल्ला सरायरफी निवासी प्रदीप कुमार ने 13 जनवरी को एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराते हुए बताया था कि उसने अपने भाई के खाते में 48 हजार रूपए डालने के दौरान गलती से किसी अंजान व्यक्ति के बैंक खाते में डाल दिये थे। पुलिस द्वारा तत्काल बैंक खाते की जांच की, बैंक एकाउंट नगर निवासी एक महिला का निकला, पुलिस ने बैंक खाते को होल्ड कराया। महिला ने थाने पहुंचकर उसके खाते में आये 48 हजार रूपए प्रदीप कुमार को वापस कर दिये।**

# प्राण-प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने पर जश्न मनाया

**नगीना (चिंगारी)।** अयोध्या में बने भगवान श्रीराम के मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने पर क्षेत्र के ग्राम हीरावाली के ग्रामीणों ने हलवा बांटकर जश्न मनाया। बृहस्पतिवार को श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा दिवस के मौके पर ग्राम हीरावाली में डीजे के साथ जश्न मनाते हुए लोगों को हलवा बांटा। उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक दिन है। जिस दिन दो साल पहले देश दुनिया के करोड़ों लोगों की सदियों पुरानी इच्छा पूरी हुई थी। इस मौके पर अंकित सैनी, रोहित कुमार, गौरव सैनी, सत्यम सैनी, आकाश प्रजापति, राजन प्रजापति, हिमांशु आदि मौजूद रहे।



ग्राम हीरावाली में श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा दिवस के मौके पर जश्न मानते युवा।

# बसंत पंचमी पर स्कूल में हुई विशेष प्रार्थना सभा




**चांदपुर (चिंगारी)।** द हेज़लमून स्कूल में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। विशेष प्रार्थना सभा का संचालन सिट्रिन हाउस के विद्यार्थियों फायज़ा, करीमा, पावनी अद्विक, अयान, आरोही, शिफा और चार्ली द्वारा किया गया। विद्यार्थियों ने मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत कर सभी को ज्ञान, बुद्धि और संस्कारों के महत्व से अवगत कराया। विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती शक्ति अनिरुद्ध मित्तल ने बसंत पंचमी के महत्व पर अपने संदेश में कहा कि यह पर्व ज्ञान, कला और सृजनशीलता का प्रतीक है तथा विद्यार्थियों को सदैव सीखते रहने की प्रेरणा देता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती गरिमा सिंह ने अपने संबोधन में मां सरस्वती से सभी विद्यार्थियों पर अपना आशीर्वाद बनाए रखने की कामना की और उन्हें परिश्रम, अनुशासन व सदाचार के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।

# पालिका कार्यालय व ब्लॉक परिसर में हुई SIR नोटिसों की सुनवाई


एसआईआर नोटिस की सुनवाई करते अधिकारी।

**अफजलगढ़/कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** क्षेत्र में एसआईआर नोटिसों पर सुनवाई का कार्य शुरू हो गया है। कासमपुर गढ़ी बस स्टैंड स्थित खंड विकास कार्यालय एवं नगर पालिका परिषद अफजलगढ़ में गुरुवार को प्रात: से ही नोटिस पर अपना पक्ष रखने वाले मतदाताओं की भारी भीड़ देखी गई। अव्यवस्था के चलते बहुत से लोगों को तमाम परेशानियों का सामना भी करना पड़ा। कासमपुर गढ़ी बस स्टैंड स्थित ब्लॉक मुख्यालय में स्थित डबाकरा हाल में बनाए गए अलग-अलग काउंटर्स पर संबंधित अधिकारियों ने उपस्थित नोटिस प्राप्त मतदाताओं का पक्ष सुना और उनसे संबंधित दस्तावेज प्राप्त किए। यहां एक काउंटर पर मौजूद नायब तहसीलदार श्याम सुंदर सिंह ने बताया कि प्रारंभ में तकनीकी दिक्कत के चलते कुछ देरी हुई, जिससे देर शाम तक काम चला। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति परेशान न हो, प्रत्येक व्यक्ति की तसल्लीबख्श सुनवाई होगी। उधर, नगर पालिका परिषद अफजलगढ़ में सुबह से ही भारी भीड़ के बीच अव्यवस्था का बोलबाला रहा। एक ही रूम में लगाए गए तीन अलग-अलग काउंटर्स पर उमड़ी भीड़ से लोगों के बीच धक्का-मुक्की भरा माहौल देखा गया। हालात देखकर बाद में काउंटर्स अलग-

## भारी भीड़ के कारण रही अव्यवस्था

अलग कमरों में लगाए गए, तब जाकर काम सुचारू हो पाया। यहां मौजूद खंड शिक्षा अधिकारी प्रेम सिंह राणा ने बताया कि नोटिस प्राप्त मतदाता अपने-अपने दस्तावेज लेकर सुनवाई के लिए आए, जिनकी सुनवाई की गई और उनसे संबंधित दस्तावेज लिए गए। कुल मिलाकर दोनों स्थानों पर नोटिस प्राप्त मतदाताओं की भारी भीड़ के चलते अव्यवस्था के कारण लोगों ने भारी परेशानी महसूस की। छोटे-छोटे बच्चों को लिए महिलाएं भी देर शाम तक सुनवाई स्थल पर रुकी रहीं।

# बसंत पंचमी पर विद्या मंदिर गंज में हुआ यज्ञ

**गंज (चिंगारी)।** सरस्वती विद्या मंदिर गंज में बसंत पंचमी के पर्व पर यज्ञ का आयोजन हुआ। इस अवसर पर बच्चों ने विद्या की देवी मां सरस्वती की वंदना कर विद्या प्राप्ति के लिए यज्ञ में आहुति दी। साथ ही क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने सर्वजन कल्याण के लिए यज्ञ में आहुतियां दी। विद्या मंदिर के बच्चों ने सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिन पर सुंदर कविता पाठ कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर विद्या मंदिर के सैकड़ों बच्चों के साथ विद्या मंदिर के प्रबन्धक भोजराज, आशुतोष अग्रवाल, विनय अग्रवाल, विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप विश्नोई, प्रांजल विश्नोई, विद्यालय के आचार्य सत्यमशर्मा, उपासना शर्मा, पूजा, शिल्पी भटनागर, मोनिका धीमान, नीरज राजपूत आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे। यज्ञ के आचार्य पंडित जीत भारद्वाज ने मंत्रोचार के साथ यज्ञ पूर्ण कराया।




# चारु ने बार काउंसिल की परीक्षा पास की

**बिजनौर (चिंगारी)।** स्थानीय मुहल्ला रामपुर बकली निवासी देवेंद्र कुमार की पुत्री चारु ने ऑल इंडिया बार काउंसिल की परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। चारू की सफलता से परिवार, रिश्तेदारों एवं शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। चारु को क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने बधाई दी। चारु ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और परिवार का सहयोग ही उनकी सफलता का आधार बना।



# सीएम से शिकायत के बाद ग्राम पंचायत सचिव मुकेश कुमार का तबादला

**नहटौर (चिंगारी)।** मुख्यमंत्री से की गई शिकायत पर नहटौर ब्लॉक में तैनात ग्राम पंचायत सचिव मुकेश कुमार का नजीबाबाद ब्लॉक में स्थानांतरण कर दिया गया है। सचिव पर कार्य में लापरवाही और ग्रामीणों की समस्याओं की अनदेखी करने के आरोप लगे थे।

ग्राम पंचायत रायपुर मलियाबाद निवासी मंगू सिंह पुत्र हरिवंश सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर ग्राम पंचायत सचिव मुकेश कुमार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए उन पर नियमित रूप से पंचायत में न आने, गांव के विकास कार्यों में रुचि न लेने तथा ग्रामीणों की समस्याओं को अनसुना करने आदि के आरोप लगाए थे। पंचायत सचिव की कार्यप्रणाली से स्थानीय निवासियों में भारी रोष था। मुख्यमंत्री कार्यालय तक मामला पहुंचने के बाद आयुक्त ग्राम विकास उत्तर प्रदेश, लखनऊ के आदेश तथा मुख्य विकास अधिकारी बिजनौर के निर्देश पर में जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता ने सचिव मुकेश कुमार का नजीबाबाद ब्लॉक में स्थानांतरण कर दिया। ग्राम पंचायत सचिव के स्थानांतरण की खबर मिलते ही रायपुर मलियाबाद के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

## ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

शिकायतकर्ता मंगू सिंह सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है। कि पंचायत अधिकारी के न आने से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, आवास योजना और सफाई जैसे बुनियादी काम रुके हुए थे। मुकेश कुमार के स्थानांतरण के बाद नए सचिव की नियुक्ति होने पर गांव के विकास कार्यों को फिर से गति मिल सकेगी।

# सर्पमित्र ने कड़ी मशक्कत के बाद पकड़ा कोबरा सांप

**नहटौर (चिंगारी)।** नहटौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से सर्पमित्र बी. भास्कर ने विशालकाय कोबरा सांप पकड़ लिया और जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया। सीएचसी नहटौर में पिछले कुछ दिनों से एक विशालकाय कोबरा सांप दिखाई देने से अस्पताल परिसर में भय का माहौल बना हुआ था। बृहस्पतिवार को सर्पमित्र बी. भास्कर ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद कोबरा को सुरक्षित रेस्क्यू किया। सांप के पकड़े जाने की खबर मिलते ही अस्पताल स्टाफ ने चैन की सांस ली। सर्पमित्र बी. भास्कर ने बताया कि पकड़ा गया सांप अत्यंत विषैला कोबरा है।



# शाहिद राईन का दिल का दौरा पड़ने से इंतक़ाल

**किरतपुर (चिंगारी)।** स्थानीय मुहल्ला अहमद खेल निवासी सब्जी आढ़ती एवं समाजवादी पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष शाहिद राईन (60 वर्ष) का गत रात्रि करीब 10 बजे हार्ट अटैक से इंतकाल हो गया। उनके निधन की खबर से नगर में शोक व्याप्त हो गया। सब्जी मंडी में आढ़तियों ने बैठक कर शोक व्यक्त किया। शाहिद राईन मिलनसार व खुश मिजाज व्यक्ति थे। हर किसी से गर्म जोशी से मिलते थे। उनके निधन पर आढ़ती रईस खान, मोईन, जुल्फिकार दीवान जी, राजाराम तोमर, दाऊद मकरानी, यशवीर सिंह, रफीक कुरैशी, पत्रकार प्रदीप चौहान, दिलशाद अल्वी ने भी शोक व्यक्त किया।


फाइल फोटो

# सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर सांकेतिक दौड़ का आयोजन

**बिजनौर (चिंगारी)।** मॉर्निंग क्लब बिजनौर द्वारा आज 23 जनवरी शुक्रवार को प्रात: 7:30 बजे नेहरू स्टेडियम बिजनौर में आजाद हिंद फौज के संस्थापक 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा', 'जय हिंद' जैसे जोशीले नारे देने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती पर उन्हें स्मरण किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम नेहरू स्टेडियम बिजनौर में सांकेतिक दौड़ का आयोजन किया गया। तत्पश्चात नुमाइश चौक स्थित एक प्रतिष्ठान पर बैठक का आयोजन कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा के कटक में जन्म लेने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस कोलकाता के प्रेसीडेंसी कॉलेज में प्रवेश मिलने के पश्चात भी उनके उग्र राष्ट्रवादी गतिविधियों के कारण उन्हें कॉलेज से निकाल दिया गया था। सिविल सेवा परीक्षा में चौथी रैंक आने के बावजूद उन्होंने देशभक्ति के कारण इसका भी त्याग कर देश को आजादी दिलाने के लिए चल रहे आंदोलन को धार दी। उनके आह्वान पर हजारों देशभक्त हिंदुस्तानी आंदोलन की लड़ाई में कूद पड़े। इस प्रकार उन्होंने देश को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई वर्ष 2021 से भारत सरकार द्वारा 23 जनवरी नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिवस को 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, डॉक्टर प्रमोद कुमार, अशोक कुमार यादव, सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक एमपी सिंह, अवनीश ठाकुर, रामपाल सिंह, विपिन अग्रवाल आदि की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही।



# बसंत का मानवीयकरण

बसंत ऋतु के आते ही सब प्रकृति के मनोरम सौन्दर्य से अभिभूत हो जाते हैं। बसंत शब्द ही मन में हर्षोल्लास भर देता है, इसीलिए हम सब सरस्वती पूजन कर बसंतोत्सव मनाते हैं। सरसों के पीले फूल, पीले वस्त्र पहनना, गीत-संगीत इत्यादि आयोजन होते हैं। जैसे प्रकृति अपने पतझड़ से पुराने दिशाविहीन निकृष्ट सूखी बेजान पत्तियों को गिरा देती है और नयी उषा की किरण लिए कपोल कलियों में विभिन्न रंग-बिरंगे फूलों की छटा बिखेरे हमारे आस-पास के वातावरण को सुगंधित व मंत्र मुग्ध कर देता है। उसी प्रकार मानव पुराने कटे वस्त्रों को छोड़कर नये वस्त्र धारण करता है। उसी प्रकार हमारी प्रकृति पुराने पत्तों को गिराकर नये पत्तों को धारण करती है। इसीलिए हब सब प्रकृति से ही बहुत कुछ सीखते हैं। बसंत का मौसम पक्षियों के कलरव चहचहाहट व हजारों रंगों से सरावोर कर सुगंधित व प्रफुल्लित कर देता है। बसंत ऋतु जैसी अनन्त कलायें मानवीय गुणों को और नया दृष्टिकोण विचारों में परिवर्तन रहन-सहन आदि में विभिन्न प्राकृतिक व मानवीय बदलाव हम सबके जीवन में अनेक रंगों का संचार कर सकते हैं। मानवीय जीवन भी प्रकृति के इर्द-गिर्द चक्कर लगाता रहता है। प्राकृतिक परिवेश में ही जीवन की विभिन्न कलाओं का उदभव और विकास करता है। प्रकृति ही मानवीय जीवन का प्रेरणा स्रोत रहा है। जिस प्रकार प्रकृति ऋतुओं के अनुसार परिवर्तन व बदलाव के मार्ग पर चलती रहती है। उसी प्रकार मानवीय क्रियाएं अनेक विचारों और भावनाओं से ओत-प्रोत कुछ परिवर्तन की दिशा में रीति-रिवाजों और परम्पराओं में आमूल चूल परिवर्तन करते रहते हैं और मन के भीतर आनंद के फूल खिले, इस आनंद से प्रेम के जो फूल खिलते हैं, वही जीवन में बसंत लाते हैं। जीवन में सच्चे सुख की अनुभूति ही बसंत का आगमन है।



**-मिथलेश कुमारी, धामपुर**

## 23 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

**बिजनौर ( चिंगारी )।** एसपी अभिषेक झा ने अलग-अलग थानों में तैनात 23 कांस्टेबिल- हेड कांस्टेबिलों को लाइन हाजिर कर दिया है। एसपी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना नजीबाबाद से आरक्षी अशोक कुमार, सुनील कसाना, मण्डावली से जैकी, मोनू मलिक, नगीना देहात से इसरान चौधरी, बढ़ापुर से मुख्य आरक्षी प्रवेन्द्र कुमार, नूरपुर से आरक्षी नरेन्द्र कुमार, अंकित तेवतिया, शिवाला कलां से आरक्षी चालक विनोद, रेहड़ से रिंकू रावल, हरिवंश वर्मा, ललित कुमार, मुख्य आरक्षी पुरुषोत्तम, अफजलगढ़ से शुभम, मनीष कुमार, सचिन डागर, मुख्य आरक्षी पीयूष, शेरकोट से मुख्य आरक्षी संदीप, नहटौर से सुधीर कुमार, हल्दौर से धर्मेन्द्र कुमार, मण्डावर से उपेन्द्र मलिक व विपिन को लाइन हाजिर किया गया है। इसके अलावा हैड पेशी सीओ नगीना से मुख्य आरक्षी विजय कुमार को भी लाइन हाजिर किया गया है।

## डीसीएम में ले जा रहे दो गायें, दो बछड़े पकड़े

**बिजनौर ( चिंगारी )।** गौसेवक संघ के प्रदेश महामंत्री हितेश चौधरी ने कल दो गायों व दो बछड़ों को बिना वैध कागजात डीसीएम वाहन में ले जाते हुये दो व्यक्तियों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। प्राप्त समाचार के अनुसार हितेश चौधरी को सूचना मिली कि दो व्यक्ति एक डीसीएम वाहन में बिना वैध कागजात के दो गायों व दो बछड़ों को नौगांवा सादात ले जा रहे हैं। जिस पर उन्होंने 112 नम्बर पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने वहां पहुंचकर दोनों व्यक्तियों को हिरासत में लेकर वाहन को भी कब्जे में ले लिया तथा हितेश चौधरी के हस्तक्षेप से चारों गौवंशों को सुरक्षति गौशाला में भिजवा दिया। इस सम्बंध में आगे की कार्रवाई की जा रही है।



हितेश चौधरी

## आओ! थोड़ा बसंत हो जाएं...

प्रकृति की बातें सुनें
नवसृजन की पदचाप सुनें
मां शारदे की अनुकम्पा पाएं
आओ ! थोड़ा बसंत हो जाएं..
पंछियों से चहकें ,
फूलों से खिल जाएं
दुखों को भूल, गाए- गुनगुनाएं ।
आओ ! थोड़ा बसंत हो जाएं...
पतझड़ की बातें कब तक करें
भीतर के सन्नाटे को दूर भगाएं
अपने मन का उत्सव जगाएं
आओ ! थोड़ा बसंत हो जाएं ..
लड़ाई -झगड़े दरकिनार कर
ईर्षया-द्वेश छोड़- छाड़कर
बच्चों से निश्छल हो जाएं
आओ ! थोड़ा बसंत हो जाएं..
तितलियों से रंग चुरा लें
नदियों की कल-कल बन जाएं
कुछ तो रोमानी हो जाएं
आओ ! थोड़ा बसंत हो जाएं...

-सुमन चौधरी
'सुमन'
( बिजनौर )




कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3, कालागढ़
निविदा सूचना संख्या-65/ई.ई./के.भ.ख.-3/2025-26

पत्रांक : 72 /के.भ.ख.-3/निविदा    दिनांक : 16/01/2026

महामहिम राज्यपाल महोदया, उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहरबंद पृथक-पृथक निविदाएं उत्तर प्रदेश सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से दिनांक 10-02-2026 को अपराहन 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है । प्राप्त निविदाएं दिनांक 10-02-2026 को प्रमुख अभियन्ता (सज्जा एवं सामग्री प्रबंध), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ.प्र., लखनऊ द्वारा गठित समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष अपराह्न 3:00 बजे अधिशासी अभियन्ता, केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3, कालागढ़ के कार्यालय में खोली जायेंगी । निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति होने पर निविदा खुलने के समय में कोई भी परिवर्तन किया जाना सम्भव नहीं होगा। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में यह निविदा अगले कार्यदिवस में निर्धारित समय पर खोली जायेंगी। निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनाँक 24-01-2026 पूर्वाहन 10:00 बजे से दिनाँक 09-02-2026 अपराहन 4:00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में निर्धारित मूल्य भुगतान कर प्राप्त की जा सकती है। धरोहर धनराशि, एन.एस.सी./राष्ट्रीयकत बैंक की एफ.डी.आर. अथवा नियमानुसार अनुमन्य अन्य प्रतिभूति के रूप में जो कि अधिशासी अभियन्ता केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3 के पक्ष में बन्धक होगी, जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नही की जायेगी। कार्यों के सम्बन्ध में विशेष शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध करायी जायेंगी ।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (जी.एस.टी. रहित) (लाख रू. में) | धरोहर राशि (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्वी गंगा नहर के चैनेज 34.870 किमी. पर स्थापित गुलालवाली क्रॉस रेगुलेटर के सुपरस्ट्रक्चर एवं ग्रिल रेलिंग पर पेन्टिंग का कार्य | 8.41 | 16,900.00 | 30 दिवस | 225.00 + 18% जी.एस.टी. (500 रू. स्टेशनरी चार्ज) | श्रेणी-ए यॉत्रिक/विद्युत (सिंचाई विभाग) |
| 2 | पूर्वी गंगा नहर के चैनेज 34.870 किमी. पर स्थापित गुलालवाली क्रॉस रेगुलेटर के गेट संख्या 1 से 5 पर सैंड ब्लास्टिंग करने के उपरान्त पेन्टिंग का कार्य | 4.54 | 9,100.00 | 30 दिवस | 150.00 + 18% जी.एस.टी. (500 रू. स्टेशनरी चार्ज) | श्रेणी-ए यॉत्रिक/विद्युत (सिंचाई विभाग) |
| 3 | पूर्वी गंगा नहर के चैनेज 34.870 किमी. पर स्थापित गुलालवाली क्रॉस रेगुलेटर पर गियर बॉक्स / रोप ड्रम कवर की प्रतिस्थापना का कार्य | 5.98 | 12,000.00 | 30 दिवस | 225.00 + 18% जी.एस.टी. (500 रू. स्टेशनरी चार्ज) | श्रेणी-ए यॉत्रिक/विद्युत (सिंचाई विभाग) |
| 4 | पूर्वी गंगा नहर के चैनेज 34.870 किमी. पर स्थापित गुलालवाली क्रॉस रेगुलेटर गेट संख्या 1 से 5 तक बैक गाइड रोलर्स की मरम्मत का कार्य | 3.72 | 7,500.00 | 30 दिवस | 150.00 + 18% जी.एस.टी. (500 रू. स्टेशनरी चार्ज) | श्रेणी-ए यॉत्रिक/विद्युत (सिंचाई विभाग) |
| 5 | पूर्वी गंगा नहर के चैनेज 34.870 किमी. पर स्थापित गुलालवाली क्रॉस रेगुलेटर पर सुरक्षा हेतु रेलिंग का निर्माण करने एवं लगाने का कार्य | 2.70 | 5,400.00 | 30 दिवस | 150.00 + 18% जी.एस.टी. (500 रू. स्टेशनरी चार्ज) | श्रेणी-ए यॉत्रिक/विद्युत (सिंचाई विभाग) |
| 6 | रामगंगा सैडिल बॉध कालागढ़ पर स्थित कन्ट्रोल रूम में इलैक्ट्रिकल पैनल लगाने का कार्य। | 3.89 | 7800.00 | 30 दिवस | 150.0 + 18% जी.एस.टी. (500 रू. स्टेशनरी चार्ज) | श्रेणी-ए यॉत्रिक/विद्युत (सिंचाई विभाग) |
| 7 | भिक्कावाला पम्प नहर कि.मी. 0.181 से 0.320 के मध्य सर्विस रोड पर सीमेन्ट कंक्रीट पेवर ब्लॉक बिछाने का कार्य | 8.28 | 16,600.00 | 30 दिवस | 225.00 + 18% जी.एस.टी. (500 रू. स्टेशनरी चार्ज) | श्रेणी-सी सिविल (सिंचाई विभाग) |
| 8 | भिक्कावाला पम्प नहर कि.मी. 0.321 से 0.460 के मध्य सर्विस रोड पर सीमेन्ट कंक्रीट पेवर ब्लॉक बिछाने का कार्य | 8.38 | 16,800.00 | 30 दिवस | 225.00 + 18% जी.एस.टी. (500 रू. स्टेशनरी चार्ज) | श्रेणी-सी सिविल (सिंचाई विभाग) |
| 9 | भिक्कावाला पम्प नहर कि.मी. 0.461 से 0.600 के मध्य सर्विस रोड पर सीमेन्ट कंक्रीट पेवर ब्लॉक बिछाने का कार्य | 8.32 | 16,700.00 | 30 दिवस | 225.00 + 18% जी.एस.टी. (500 रू. स्टेशनरी चार्ज) | श्रेणी-सी सिविल (सिंचाई विभाग) |
| 10 | भिक्कावाला पम्प नहर कि.मी. 0.776 से मेन रोड तक सर्विस रोड पर सीमेन्ट कंक्रीट पेवर ब्लॉक बिछाने का कार्य | 7.96 | 16,000.00 | 30 दिवस | 225.00 + 18% जी.एस.टी. (500 रू. स्टेशनरी चार्ज) | श्रेणी-सी सिविल (सिंचाई विभाग) |

यह निविदा सूचना वैबसाइट http://upgov.up.nic.in तथा सिंचाई विभाग की वैबसाइट http://idup.gov.in पर उप है । निविदा प्रपत्र इच्छुक ठेकेदार अथवा फर्म/ठेकेदार द्वारा (1) पंजीकरण प्रमाण-पत्र, (2) जिलाधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण-पत्र (I.D.T.-1),(3) हैसियत प्रमाण पत्र (I.D.T.-2),(4) स्वघोषणा प्रमाण-पत्र (I.D.T.-3),(5) जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन प्रमाण की छायाप्रति एवं फर्म/ठेकेदार द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति को फोटोयुक्त अधिकार-पत्र जिसमें प्रतिनिधि का हस्ताक्षर प्रमा किया हुआ हो, अधिशासी अभियन्ता, केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3, कालागढ़ के कार्यालय में निर्धारित अवधि में उपरोक्त शुल्क र जमा करने उपरान्त प्राप्त किये जा सकते हैं । निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी अधिशासी अभियन्ता, केन्द्रीय भ खण्ड-3, कालागढ़ के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है ।

R.O.No.244298 Date: 21-01-2026
UPID.www.upgov.nic.in

(मनोज कुमार गौड़)
अधिशासी अभियन्ता
केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3, कालागढ़

# बर्ड फैस्टिवल के दौरान, कई प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

## डीएम ने व्यवस्थाओं के संबंध में ली समीक्षा बैठक



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** आगामी 31 जनवरी व 1 फरवरी को सनेह क्षेत्र में आयोजित होने वाले दो दिवसीय बर्ड फैस्टिवल की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी तैयारियां समय पर पूर्ण की जायें और इस आयोजन को भव्य स्वरूप दिया जाये।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि बर्ड फैस्टिवल के दौरान कार्यक्रम स्थल पर बर्ड वाचिंग से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। बर्ड प्रदर्शनी के साथ-साथ स्टॉल लगाये जायें, जिनमें पक्षियों की प्रजातियों, उनके संरक्षण और पर्यावरण संतुलन से संबंधित जानकारी दी जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि दुर्लभ एवं प्रवासी पक्षियों की पहचान से जुड़े सूचना पैनल, बर्ड आइडेंटिफिकेशन चार्ट और जागरूकता सामग्री भी प्रदर्शित की जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि फैस्टिवल के दौरान बर्ड वाचिंग हेतु कुल 12 नेचर ट्रेल्स विकसित की जा रही हैं, जिनके माध्यम से प्रतिभागी प्राकृतिक वातावरण में विभिन्न पक्षी प्रजातियों को नजदीक से देख सकेंगे। उन्होंने बाहर से आने वाले बर्ड वॉचरों को आमंत्रित करने तथा उनके ठहरने की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश भी दिये। बर्ड फेस्टिवल में बर्ड फोटोग्राफी प्रतियोगिता, लाइव फोटोग्राफी सत्र, प्रदर्शनी तथा मैराथन दौड़ का आयोजन का आयोजन किया जाएगा। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# अग्निवीर भर्ती रैली में आज 1189 युवा कर रहे प्रतिभाग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** सेना भर्ती कार्यालय लैंसडाउन की ओर से कोटद्वार के कौड़िया स्थित गबर सिंह कैंप में चल रही भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती रैली के आठवें दिन गुरूवार को पौड़ी गढ़वाल की बीरोंखाल, चाकीसैण, चौबट्टाखाल, धुमाकोट और रिखणीखाल तहसीलों के 1132 युवा भर्ती प्रक्रिया में भाग लिया। आठवें दिन भी मौसम ने युवाओं का पूरा साथ दिया और सुबह से ही धूप खिली रही। भर्ती रैली के लिए सुबह चार बजे से प्रवेश स्थल काशीरामपुर तल्ला स्थित मैदान में युवा जुटने शुरू हो गए थे। आधार कार्ड सत्यापन व प्रवेश पत्रों की जांच के बाद युवाओं को भर्ती मैदान में ले जाया गया। इस दौरान युवाओं ने शारीरिक मापदंड में अपना दमखम दिखाया। सेना की ओर से निर्धारित समय में दौड़ पूरी करने वाले युवा शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिए जाएंगे। सेना के विशेषज्ञ शारीरिक दक्षता और शिक्षा विभाग के कर्मचारी उनके शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की जांच करेंगे। इसके बाद चयनित युवाओं का मेडिकल परीक्षण होगा। वहीं भर्ती रैली में आए युवाओं ने प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। भर्ती में आज-23 जनवरी शुक्रवार को पौड़ी, थलीसैण, जाखणीखाल और श्रीनगर तहसीलों के 1189 युवा रैली में भाग ले रहे हैं।

# देहरादून में आयोजित तीरंदाज़ी प्रतियोगिता में कोटद्वार के तीरंदाज़ों ने बिखेरा अपना जलवा

## 8 स्वर्ण, 8 रजत व 5 कांस्य पदक बटोरे

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** देहरादून स्थित महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता में कोटद्वार के तीरंदाजों ने 8 स्वर्ण, 8 रजत और 5 कांस्य पदक मिलाकर 21 पदक जीतते हुए सराहनीय प्रदर्शन किया।

गुरूवार को जानकारी देते हुए स्टेडियम इंचार्ज श्याम सिंह डांगी ने बताया कि प्रतियोगिता के अंडर 14 रिकर्व बालक वर्ग में सानिध्य कंडारी ने स्वर्ण व रुद्रांश भंडारी ने कांस्य, अंडर 14 रिकर्व ओलंपिक राउंड में आराध्या भारद्वाज ने स्वर्ण व रुद्रांश भंडारी ने रजत, अंडर 14 रिकर्व बालक वर्ग में सानिध्य कंडारी, रुद्रांश भंडारी व आराध्या भारद्वाज की टीम ने स्वर्ण पदक, अंडर 14 रिकर्व बालिका वर्ग में दिव्यांशी भंडारी ने स्वर्ण व श्रेया ने रजत, अंडर 14 रिकर्व बालिका वर्ग ओलंपिक राउंड में दिव्यांशी भंडारी ने स्वर्ण व श्रेया ने रजत, अंडर-19 रिकर्व बालिका वर्ग 70 मी रैंकिंग राउंड में अनन्या बिष्ट ने स्वर्ण, अंडर-19 रिकर्व बालिका वर्ग ओलंपिक राउंड में अनन्या बिष्ट ने रजत, अंडर 14 कंपाउंड बालक वर्ग रैंकिंग राउंड में भार्गव रावत ने रजत, अंडर 14 कंपाउंड बालिका वर्ग रैंकिंग राउंड तथा अंडर 14 कंपाउंड बालिका वर्ग ओलंपिक राउंड में मनस्वी बिष्ट ने कांस्य, अंडर 14 कंपाउंड बालिका वर्ग टीम में मनस्वी बिष्ट, अवनी रावत व यहावी उपाध्याय की टीम ने स्वर्ण, अंडर-19 कंपाउंड बालिका वर्ग 50 मी. रैंकिंग राउंड में अनुराधा भारद्वाज ने रजत व वैष्णवी पांथरी ने कांस्य, अंडर-19 कंपाउंड बालिका वर्ग ओलंपिक राउंड में अनुराधा भारद्वाज ने रजत और वैष्णवी पांथरी ने कांस्य, अंडर-19 कंपाउंड बालिका वर्ग में अनुराधा भारद्वाज, वैष्णवी पांथरी व श्रुति की टीम ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं अंडर-19 कंपाउंड बालक वर्ग टीम में ऋषभ बिष्ट, लक्षित चौधरी व नवनीत सिंह की टीम ने रजत पदक जीता। तीरंदाजों के इस प्रदर्शन पर क्षेत्र के लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# राज्य कर्मचारियों ने मीटिंग में अपनी मांगों को उठाया

## ध्यान न देने पर आंदोलन को चेताया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की 18 सूत्री मांगों के समर्थन में विकासखंड जयहरीखाल के ब्लॉक सभागार में परिषद की ब्लाक इकाई द्वारा आयोजित गेट मीटिंग में कर्मचारियों द्वारा समस्याओ को उठाया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने कार्मिकों को 10, 16, 26 वर्षों में एसीपी लाभ देने, अशासकीय विद्यालय, राजकीय महाविद्यालय, निकाय आदि समान प्रकृति के कार्मिकों को राज्य कर्मियों की तरह सुविधाएं अनुमन्य करने, वर्तमान में गोल्डन कार्ड से इलाज में आ रही दिक्कतों को दूर करने, चिकित्सा प्रतिपूर्ति व्यवस्था सुचारू करने, पेंशन संबंधी स्कीम नई पेंशन योजना के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना लागू करने, वाहन भत्तों की दरों में संशोधन करने, वर्ष 2022 में गठित वेतन विसंगति समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक करने सहित अन्य मांगों पर विचार विमर्श किया और मांगों पर कार्रवाई न होने पर रोष व्यक्त किया। साथ ही प्रदेश सरकार को चेताया कि कार्मिकों की मांगों को अनसुना करने पर सभी घटक संगठन प्रदेशव्यापी आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। गेट मीटिंग में ग्राम्य विकास विभाग से धर्मेन्द्र चौहान, कशिश कपूर, पंचायती राज विभाग से सौरभ नेगी, राहुल, रेणु नौटियाल, श्वेता चौहान, कृषि विभाग से मुस्कान, स्वास्थ्य विभाग से महावीर चौहान, रोशन चमोली व शिक्षा विभाग से धर्मेन्द्र बिष्ट आदि शामिल रहे।

# एनएच का मलबा आस-पास के गांवों में जा रहा डाला

## ग्रामीणों ने डीएम से की इसे रुकवाने की मांग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** गुमखाल-सतपुली के मध्य एन एच से लगे गांवों के ग्रामीणों ने एन एच का मलबा उनके गांवों की ओर डालने पर रोष व्यक्त किया है। कहा कि मलबे को आबादी से दूर डंपिंग जोन बनाकर वहां डाला जाना चाहिए। गुरूवार को गुमखाल-सतपुली के मध्य के गांव रामागांव, धरगांव, हटनिया और बैरगांव के ग्रामीण तहसील में एकत्रित हुये। यहां उन्होंने कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री रंजना रावत के नेतृत्व में एन एच के मलवे को आबादी से दूर डालने की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में गुमखाल-सतपुली के मध्य एन एच पर आए मलवे को हटाने का कार्य किया जा रहा है। पूर्व में मलवा के निस्तारण के लिए डंपिंग जोन रिहायशी इलाके के दूर जनशून्य स्थानों पर पर बनाए गए थे, लेकिन वर्तमान में एन एच के अधिकारियों द्वारा जनता और ग्राम प्रधान के विरोध के बावजूद रामागांव , धरगांव, हटनिया व बैरगांव के ऊपर सड़क के निचले हिस्से पर मलवा डाला जा रहा है, जिससे गांव वासियों की नाप खेत के जमीन एवं मकानों के लिए खतरा पैदा हो गया है। कहा कि इस संबध में संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र निर्देशित किया जाना चाहिए। ज्ञापन में इस संबंध में जिलाधिकारी से सकारात्मक कार्रवाई की मांग की गई है और ऐसा न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बलबीर सिंह रावत, रामागांव ग्राम प्रधान वारिस अहमद, शीला भारती , दलीप सिंह रावत, परमानंद, आशा राम, रमेश चंद्र खंतवाल, प्रदीप नेगी, चंद्रमोहन सिंह, जावेद हुसैन, मदन सिंह नेगी, बीरेंद्र सिंह रावत और नरेन्द्र सिंह सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

# विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर लगाया विद्यार्थियों को वन कानूनों से अवगत कराया



**लालढांग ( चिंगारी )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरिद्वार के तत्वावधान में गुरुवार को राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, टांटवाला में वन कानून और आम नागरिक के अधिकार विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अधिकार मित्र मुकेश कुमार ने विद्यार्थियों को सरल भाषा में वन कानूनों की जानकारी देते हुए बताया कि वन्यजीवों को नुकसान पहुंचाना, अवैध कटान करना, जंगल में आग लगाना तथा वन संपदा का दुरुपयोग करना कानूनन अपराध है। विद्यार्थियों से जंगल और वन्यजीव संरक्षण में सहयोग करने, किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना संबंधित विभाग को देने तथा वन मित्र के रूप में जागरूक भूमिका निभाने का आह्वान किया। साथ ही आम नागरिकों के विधिक अधिकारों की जानकारी देते हुए बताया कि वन्यजीवों से क्षति होने की स्थिति में मुआवजे का प्रावधान है तथा संबंधित विभाग से संपर्क किया जा सकता है। प्रधानाचार्य दीपक कुमार एवं वरिष्ठ अध्यापक संजय कुमार ने इस प्रकार के विधिक जागरूकता शिविर को क्षेत्र के लिए उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित कराने की आवश्यकता पर बल दिया।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# पिग फार्म में आग लगने से 100 से अधिक पिग जिंदा जले



पीली चौकी (चिंगारी)। समीपवर्ती ग्राम अब्दुलपुर मुन्ना उर्फ हादरपुर में पिग फार्म में आग लग जाने से 100 से अधिक सुअर जिंदा जल गये। गनीमत रही कि फार्म में कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था। बताया जाता है कि फार्म में आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी। ग्राम हादरपुर निवासी आकाश कुमार पुत्र सुरेन्द्र सिंह ने गांव के पास ही पिग फार्म बना रखा है। बताया जाता है कि फार्म में करीब 125 सुअर पल रहे थे। बीती रात करीब डेढ़ बजे फार्म में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भयानक रूप धारण कर लिया। फार्म की छत प्लास्टिक व टाट से बनी हुई थी, इसलिये आग जल्दी भड़क गई। फार्म में मौजूद छोटे-बड़े करीब 125 सुअरों को आग ने चपेट में ले लिया। सुअरों की चीख से फार्म से कुछ दूरी पर रह रहे परिवार के लोगों की आंख खुल गई। उन्होंने फार्म स्वामी को घटना की सूचना दी। फार्म पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। इस बीच सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक सब कुछ जलकर राख हो चुका था। फार्म स्वामी आकाश के अनुसार अग्निकांड से उसका करीब 40 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। सीओ सिटी संग्राम सिंह के अनुसार पिग फार्म में आग शॉर्ट सर्किट से लगी है।

### पिता की बच गई जान

**फार्म स्वामी आकाश के पिता रात को फार्म में सोते थे। वे कल किसी काम से बाहर गये हुये थे। यदि वे बाहर न जाते तो उनके साथ भी अनहोनी हो जाती। फार्म में आग लगने से आकाश के पिता का बिस्तर भी जलकर खाक हो गया है।**

## तमंचे के साथ थमा

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )। मंडावली पुलिस अपराध की रोकथाम के लिए लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर संदिग्धों पर नजर बनाए हुए है। गश्त के दौरान उपनिरीक्षक राहुल कुमार ने कांस्टेबल इमरान के साथ चेकिंग अभियान में एक युवक को संदिग्ध लगने पर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर युवक के पास से 315 बोर का एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम नवनीत पुत्र तारा सिंह निवासी ग्राम राजारामपुर तुलसी उर्फ मुस्सेपुर थाना मंडावली बताया। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी का चालान कर दिया।**

## आज बूंदाबांदी से ठंड बढ़ी

नजीबाबाद (चिंगारी)। पिछले कई दिनों से रोज धूप निकलने से सर्दी से लोगों ने काफी हद तक राहत महसूस की थी। मगर शुक्रवार को अचानक सुबह सवेरे से आसमान में बादल छाने व सूरज देवता के दर्शन न होने तथा हल्की बूंदाबांदी होने से मौसम का मिजाज बदल गया, एक बार फिर सर्दी बढ़ने से गर्म कपड़ों से बचने वालों को फिर गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा।

### इकराम व इरफान अंसारी की वालिदा का इंतेकाल

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। रेलवे बोर्ड सलाहकार समिति के पूर्व मेम्बर हाजी इकराम अंसारी व स्थानीय रेलवे विभाग में कार्यालय प्रभारी के पद पर कार्यरत ग्राम हर्षवाड़ा निवासी इरफान अंसारी की माता का बीमारी के चलते इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल पर नगर के मीडियाकर्मियों, रेलवे के कर्मचारियों व गणमान्य लोगों ने शोक व्यक्त किया।**

## पुण्य स्मरण



**स्व. श्रीमती फूलवती शर्मा**

धर्मपत्नी स्व. ब्रजेश्वर स्वरूप शर्मा

*26 वीं पुण्यतिथि पर*

**शत-शत नमन!**

श्रद्धावनत्

प्रदीप कुमार शर्मा<br>
संदीप कुमार शर्मा<br>
(सी.ओ.ओ. धामपुर बायो आर्गेनिक ग्रुप)<br>
कुलदीप कुमार शर्मा<br>
(पुत्रगण)

कैप्टन राहुल शर्मा (सुपौत्र)

एवं समस्त परिजन

जय बाबा जी की | श्रद्धांजलि | जय बाबा जी की

*नैनं छिंदन्ति शस्त्राणि, नैनं दहति पावकः।*<br>
*न चैनं क्लेक्ष्यन्त्यायो, न शोषयति मारूतः॥*



**श्री रामकिशन वर्मा**

**23 जनवरी 2016**

हाथ थाम सके, न दामन पकड़ सके।<br>
बड़े करीब से तुम उठकर चले गये॥

आपके आदर्शों का पालन करते हुए भावुक हृदय से पूज्य पिताश्री की **10वीं पुण्यतिथि** 23 जनवरी पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।<br>
आपका आशीर्वाद हम पर बना रहे। ॐ -शांति-शांति-शांति।

राकेश कुमार वर्मा, उमेश कुमार वर्मा, मनोज कुमार वर्मा (पुत्रगण)<br>
मोहल्ला रईसान, हल्दौर (बिजनौर) मो. 9897444311




Gents Specialist

Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat

CLASSIC TAILORS

9927060150

CLASSIC SHOES

CLASSIC Shoes

M: 9897041426

NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus

Add.: Chahshireen Road, Bijnor